हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 1 अप्रैल 2024

## चुनाव का डिजिटल युग: सीसीटीवी कैमरा, चार्जर, लैपटॉप सहित कई इलेक्ट्रॉनिक आइटम चुनाव चिन्ह

### चुनाव चिन्ह में प्राचीन से लेकर आधुनिक वस्तुएं

**राजनांदगांव।** लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। इस चुनाव को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव चिन्ह में प्राचीन से लेकर आधुनिक वस्तुएं शामिल किया है। गैर मान्यता दलों और निर्दलीय प्रत्याशियों के लिए डिजिटल युग में हर समय लोगों की जुबान पर रहने वाले चुनाव चिन्ह आबंटन किया गया है।

यही कारण है कि इस बार चुनाव चिन्ह में कम्प्यूटर माउस, सीसीटीवी कैमरा, मोबाइल चार्जर, पैन ड्राइव, लैपटॉप आदि को शामिल किया है, तो चिमनी, कीप, मूसल और खरल, हाथ गाड़ी जैसी चीजें भी हैं। चूंकि चुनाव चिन्ह के आधार पर ही जनता से वोट हासिल करने की व्यवस्था है, इसलिए 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव मैदान में उतरने वाले प्रत्याशियों के पास चुनाव चिन्ह के लिए करीब 190 विकल्प दिए गए हैं।

#### और भी हैं नए सिंबाल

इस बार घोषित कुल 190 चुनाव चिन्हों में प्रमुख रूप से लेडी पर्स, स्टंप्स, सेब, लूडो, हेलीकाप्टर, ब्रेड टोस्टर, कान की बालियां, फुटबॉल, हाथ गाड़ी, केतली, फुटबॉल खिलाड़ी, रबर की मुहर, पानी का जहाज, सितार, शटर, सोफा, स्विच बोर्ड, भाला फेंक, स्पैनर, ट्यूब लाइट, चिमटा, किचन सिंक, पानी की टंकी, सूप, कटहल, अदरक, तुरहा बजाता आदमी, मोतियों का हार, चूड़ियां, साइकिल पंप, दूरबीन, बिस्किट, शिमला मिर्च आदि प्रमुख हैं।

#### आम इस्तेमाल की वस्तुएं शामिल

इसके अलावा जंजीर, क्रेन, ड्रिल मशीन, डंबल्स, एक्सटेंशन बोर्ड, फव्वारा, उपहार, हेडफोन, कुंडी, लाइटर, लंच बाक्स, माचिस की डिब्बी, माईक, नूडल्स कटोरा, कड़ाही, पैंट, मूंगफली, पेंसिल डिब्बा, पेंडुलम, पेट्रोल पंप, अनानास, करनी, पंचिंग मशीन, रोड रोलर, रूम कूलर, रूम हीटर, साबुनदानी, जुराबें, स्टैपलर, टीलर, टॉफियां, टूथपेस्ट, ट्रैक्टर चलाता किसान, ट्रे, त्रिभुज, ट्रक, टाईप मशीन, टायर, दीवार खूंटी, बटुआ, अखरोट, कुआं चिन्ह है।

---

**चार अप्रैल तक का ही समय**

## वार्षिक लेखाबंदी के कारण आज जमा नहीं होंगे नामांकन, अब प्रत्याशियों के पास तीन दिन शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा चुनाव को लेकर जारी नामांकन प्रक्रिया के तहत सोमवार को वार्षिक लेखाबंदी होने के चलते नामांकन पत्र नहीं जमा होंगे। अभ्यर्थियों को आज नामांकन पत्र मिलेंगे भी नहीं। अब लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरने के लिए नामांकन की प्रक्रिया में सिर्फ तीन दिन ही शेष रह गए हैं। अब तक लोकसभा से 15 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र प्राप्त किए हैं। जबकि अब तक एक भी नामांकन दाखिल नहीं हो पाया है।

उल्लेखनीय है कि दूसरे चरण में शामिल राजनांदगांव सीट के लिए 28 मार्च से नामांकन दाखिले की प्रक्रिया शुरू हुई है। 29 मार्च और 31 मार्च को अवकाश होने के चलते नामांकन दाखिले की प्रक्रिया नहीं हो पाई। अब एक अप्रैल को भी वार्षिक लेखाबंदी के कारण बैंक के सभी काम बंद रहेंगे। ऐसे में नामांकन पत्र भी नहीं मिलेंगे और जमा हो पाएंगे। ऐसे में अभ्यर्थियों के पास 2, 3 और 4 अप्रैल का ही समय शेष रह गया है। नामांकन दाखिले के लिए सभी को 4 अप्रैल दोपहर तीन बजे तक का समय दिया जाएगा।



### कल से जमा होंगे नामांकन

नामांकन दाखिले की प्रक्रिया के पहले पांच दिन कोई भी नामांकन दाखिल नहीं होने की स्थिति के बाद अब मंगलवार से इसका खाता खुल सकता है। मिली जानकारी के अनुसार भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे और कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल दोनों ही अपना पहला नामांकन 2 अप्रैल को जमा कर सकते हैं। ज्ञात हो कि नामांकन में किसी भी त्रुटि से उसके रिजेक्ट होने से बचने के लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों के प्रत्याशी एक से अधिक फार्म जमा करने वाले हैं।

### अब तक इन्होंने लिया फार्म

निर्दलीय अजय पाली, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी रमेश राजपूत, भाजपा संतोष पांडे, निर्दलीय भुवन साहू, कांग्रेस भूपेश बघेल, निर्दलीय रमेश यादव, बहुजन मुक्ति पार्टी बसंत कुमार मेश्राम, निर्दलीय रेखचंद मंडले, निर्दलीय त्रिवेणी पडौती, हमर राज पार्टी ललिता कंवर, निर्दलीय विशेष धमगाये, शक्ति सेना नारद प्रसाद निषाद, निर्दलीय सच्चिदानंद कौशिक, निर्दलीय गजेन्द्र साहू एवं बसपा देवलाल सोनवंशी शामिल हैं।

---




### मंदराजी महोत्सव आज



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ लोक नाट्य नाचा के शीर्षस्थ हस्ताक्षर मंदराजी दाऊ की स्मृति में उनकी जयंती पर कल एक अप्रैल को रात्रि 8 बजे से उनके जन्म स्थान रवेली में मंदराजी महोत्सव का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह व अध्यक्षता भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव करेंगे। विशेष अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकार और समाजसेवी जयमहेश सिन्हा होंगे। इस अवसर पर लोक सांस्कृतिक मंच चंदैनी गोंदा और मामा भांजा नाच पार्टी खोकसा की रंगारंग प्रस्तुति होगी। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों ने लोगों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

---

**भाजपा भी नामांकन रैली को भव्य बनाने की तैयारियों में जुटी**

## पूर्व सीएम के नामांकन में 3 को आएंगे पायलट, जनसभा के बाद निकलेगी रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा चुनाव को लेकर अब कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दल अपने प्रत्याशियों के नामांकन दाखिले की तैयारी में लग गए हैं। कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व सीएम भूपेश बघेल जहां तीन अप्रैल को अपना नामांकन प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट की मौजूदगी में दाखिल करेंगे। वहीं भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के नामांकन दाखिले को भव्य बनाने के लिए राष्ट्रीय भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा या गृहमंत्री अमित शाह के शामिल होने के संकेत मिल रहे हैं। हालांकि भाजपा में अब तक नामांकन के दिन का कार्यक्रम तय नहीं हो पाया है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल के राजनांदगांव लोकसभा से मैदान में उतरने से यहां का मुकाबला रोचक हो गया है। उनके नाम की प्रत्याशी के रूप में घोषणा होने वाले दिन से ही पूरे लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेसियों ने जीत के लिए मोर्चा संभाल लिया है। वे भी लगातार दौरे कर जीत की संभावनाएं बनाने में लगे हुए हैं। अब अपने नामांकन दाखिले को भी भव्य बनाने की पूरी तैयारी कर ली है। तीन अप्रैल को पूर्व सीएम द्वारा नामांकन दाखिले को लेकर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट के अलावा प्रदेश के सभी वरिष्ठ कांग्रेसी दिग्गज भी मौजूद रहेंगे। वहीं दूसरी ओर भाजपा भी नामांकन के दिन अपनी शक्ति दिखाकर लोगों को यह संकेत देने की कोशिश में लगी है कि पूर्व सीएम के मैदान में उतरने के बाद भी भाजपा की स्थिति मजबूत है।



**दोनों दलों ने शुरू की तैयारी:** जिला कांग्रेस संगठन ने प्रदेश प्रभारी का कार्यक्रम तय होने के बाद अपनी तैयारी भी शुरू कर दी है। सभा स्थल तय करने के साथ ही जिलेभर से कांग्रेसी नेताओं को जिला मुख्यालय लाने की जिम्मेदारी वरिष्ठ नेताओं में बांटी जा रही है। वहीं दूसरी ओर भाजपा भी नामांकन के दिन 10 हजार से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं को इकट्ठा कर अपनी ताकत दिखाना चाहती है।

### सीएम होंगे शामिल!

भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रत्याशी संतोष पांडे के नामांकन रैली को भव्य बनाने के लिए राष्ट्रीय नेता की उपस्थिति का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय, दोनों डिप्टी सीएम विजय शर्मा व अरुण साव के साथ ही आधा मंत्रिमंडल भी उस दिन राजनांदगांव में मौजूद रहेगा। प्रदेश भाजपा प्रभारी नीतिन नबीन, अजय जामवाल के साथ ही अन्य संगठन के नेता भी पहुंच सकते हैं। भाजपा भी एक जनसभा के बाद रैली निकालकर नामांकन दाखिल करने का कार्यक्रम बना रही है।

### सभा के बाद नामांकन रैली

कांग्रेसी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तीन अप्रैल को दोपहर 12 बजे प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट की एक सभा स्टेट स्कूल मैदान में आयोजित की जाएगी। इसके बाद दोपहर को ही नामांकन रैली स्कूल मैदान से मानव मंदिन चौक होते हुए गुरुद्वारा चौक, फिर नेश्नल हाईवे से कलेक्टोरेट पहुंचेंगे। इस दिन सचिन पायलट के अलावा नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सहित अन्य वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

---

## बार्डर पर नक्सली कैंप में पुलिस ने दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाराष्ट्र गढ़चिरौली एवं छत्तीसगढ़ सीमा पर नक्सलियों द्वारा कैम्प किए जाने की सूचना पर गढ़चिरौली पुलिस ने मौके पर दबिश दी। नक्सली मौके से फरार हो चुके थे, यहां से नक्सलियों के सामान बरामद किए गए हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गढ़चिरौली पुलिस को 30 मार्च की देर रात विश्वसनीय और गोपनीय जानकारी मिली कि कसनसुर चातगाव दलम एवं छत्तीसगढ़ में स्थित औंधी दलम के कुछ सशस्त्र नक्सली आगामी लोकसभा चुनाव के पृष्ठभूमि पर हिंसक कृत्य करने के उद्देश्य से महाराष्ट्र और मोहल्ला-मानपुर (छत्तीसगढ़) सीमा के पास चुटीनटोला गांव, उप-पुलिस थाना पेंढरी से 15 किमी पूर्व दिशा की ओर में डेरा डाले हुए हैं।

### सामान बरामद

घटनास्थल से भारी मात्रा में नक्सलियों की सामग्री जैसे कॉर्डेक्स वायर, डिटोनेटर्स, जिलेटीन स्टिक्स, बॅटरी, वाकी टॉकी चार्जर, बॅकपॅक आदि सामग्री बरामद किए गए। वर्तमान में उक्त वनक्षेत्र में माओवादी विरोधी अभियान शुरू है। विशेष अभियान पथक के सभी पथक आज गढ़चिरौली में सही सलामत पहुंच गई है। छत्तीसगढ़ सीमा पर माओवाद विरोधी अभियान तेज कर दिए हैं।

### कैम्प को किया नष्ट

इस सूचना के आधार पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अभियान) यतिश देशमुख के नेतृत्व में विशेष अभियान पथक द्वारा तत्काल उक्त वन क्षेत्र में खोज अभियान चलाया गया। उक्त खोज अभियान के दौरान कल सुबह 450 मी. उंची पहाड़ी पर पहुंचे, तब नक्सली कुछ ही समय पहले वह स्थान छोड़कर जा चुके थे। उक्त पहाड़ी के चोटी पर खोज अभियान करने पर वहां माओवादियों का एक बड़ा कैम्प और छावनी मिली। वह कैम्प और छावनी को अभियान पथक द्वारा नष्ट कर दिया गया। सदर वन क्षेत्र आगे की खोज शुरू की गई, परंतु बहुत पहाड़ों का फायदा उठाते नक्सली घटनास्थल से भागने में सफल रहे।

---

## सरकारी अस्पताल छोड़ निजी कमाई में लगे डॉक्टर, बिना अनुमति डे-केयर का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए सरकार लगातार पैसे खर्च कर रही है। आधुनिक संसाधनों के साथ ही डॉक्टर सहित अन्य स्टॉफ की तैनाती की गई है, लेकिन सरकारी वेतन लेने वाले डॉक्टरों की लापरवाही के कारण मरीजों को सही उपचार नहीं मिल पा रहा है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के कई डॉक्टरों द्वारा निजी प्रैक्टिस की शिकायतें सामने आती रही है, परन्तु एक एमबीबीएस डॉक्टर की शिकायत सर्वाधिक है।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पदस्थ एमबीबीएस डॉ. चेतन साहू के खिलाफ शिकायतों का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। नियम के मुताबिक किसी भी सरकारी डॉक्टर को निजी अस्पताल में प्रैक्टिस करने की मनाही है, लेकिन डॉ. चेतन साहू ने न केवल निजी ओपीडी कम अस्पताल खोल दिया है, बल्कि उसके लिए स्वास्थ्य विभाग से अनुमति भी नहीं ली गई है। इस मामले में अब डॉक्टर के खिलाफ शिकायत की तैयारी है।




### पांच बिस्तर का अस्पताल

मिली जानकारी के अनुसार नियमों के मुताबिक कोई भी सरकारी डॉक्टर अस्पताल या डे-केयर का संचालन नहीं कर सकता है, परन्तु डॉ. साहू द्वारा वार्ड क्र. 45 के करीब एक निजी क्लीनिक का संचालन भी कर रहे हैं। इस क्लीनिक में न सिर्फ ओपीडी चलाई जा रही है, बल्कि पांच बिस्तर भी उपलब्ध रखकर मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। इस मामले में सीएमएचओ रहे डॉ. बंसोड़ से भी शिकायत होने की जानकारी मिली है।

### शिकायत बाद भी कार्रवाई नहीं

डॉ. चेतन साहू द्वारा बिना अनुमति डे-केयर का संचालन करने को लेकर कई दफा सीएमएचओ से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक स्वास्थ्य विभाग ने उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। हालांकि हाल ही में सीएमएचओ का तबादला हुआ है, ऐसे में नए सीएमएचओ से कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। वहीं अस्पताल प्रबंधन से भी उक्त डॉक्टर की शिकायत होने पर एक्शन नहीं लेना सवाल खड़े कर रहा है।

---

## बाल संरक्षण आयोग सदस्य पर नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपए वसूलने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य संगीता गजभिये नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपए लेने के आरोप में घिर गई है। उन पर राजनांदगांव जिले के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले करीब डेढ़ दर्जन से ज्यादा लोगों ने राजनांदगांव कलेक्टर-एसपी को बकायदा पत्र लिखकर गजभिये की करतूतों को लेकर शिकायत की है।

■ **धोखाधड़ी के शिकार डेढ़ दर्जन पीड़ितों ने लगाया आरोप**

मिली जानकारी के मुताबिक संगीता गजभिये पर नगद एवं फोन-पे के माध्यम से अपने पुत्र और पति के खाते में राशि ट्रांसफर कराया गया एवं नगद राशि गजभिये के टेडेसरा स्थित निवास में पीड़ितों ने नौकरी के नाम पर दिया। नौकरी लगाने के नाम पर अलग-अलग पीड़ितों ने 30 हजार से लेकर 50 हजार रुपए की रकम खाता में ट्रांसफर किया। वहीं 10 हजार, 13 हजार, 12 हजार रुपए तक भी पीड़ितों द्वारा संगीता गजभिये और उनके पुत्र और पति को दिया गया।

मिली जानकारी के मुताबिक राजनांदगांव कलेक्टर और एसपी को 21 मार्च 2024 को पीड़ितों ने शिकायत पत्र सौंपा है। पीड़ितों ने पत्र में यह भी आरोप लगाया कि रुपए मांगने पर संगीता गजभिये आत्महत्या करने की धमकी देकर दबाव बनाने की कोशिश कर रही है। इस बीच संवैधानिक आयोग की सदस्य श्रीमती गजभिये के खिलाफ मिले शिकायतों की पुलिस जांच कर रही है।

### थामा भाजपा का दामन

वर्तमान में श्रीमती गजभिये आयोग की सदस्य के तौर पर कार्यरत है। वह पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में सदस्य नामित हुई थी। कांग्रेस सरकार की सत्ता से बेदखली के फौरन बाद श्रीमती गजभिये ने भाजपा का दामन थाम लिया। ऐसी चर्चा है कि कार्रवाई से बचाने के लिए कुछ भाजपा नेताओं ने उन्हें सदस्यता दी है।

### उपर वालों के निर्देश पर लिए पैसे

उपर वालों के निर्देश पर मैंने रुपए लिए थे। सभी की रकम को लौटाने में लिए चार से पांच माह का समय लगेगा। मुझ पर लगाए गए धोखाधड़ी के आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है।

**- संगीता गजभिये,** सदस्य छग राज्य बाल संरक्षण आयोग

### मिली है शिकायत

इस मामले की शिकायत लोगों ने की है। आवेदन पर जांच कराई जा रही है। नियमानुसार कार्वाई की जाएगी।

**- राहुल देव शर्मा,** एएसपी

---

**मंदिरों में नवरात्र पर्व की तैयारी शुरू, 9 से हिन्दू नववर्ष प्रारंभ**

## नौ से नवरात्र, 13 को खरमास का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अप्रैल माह में जहां शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का वातावरण रहेगा। वहीं इस माह वैवाहिक मुहूर्त सहित अन्य पर्वों की श्रृंखला रहेगी, जिसे लेकर लोगों में उत्साह है। पर्व को मनाने की तैयारियां भी शुरू कर दी गई है।

पंडित एवं कैलेंडरों के अनुसार अप्रैल माह में लगातार पर्व एवं शुभ मुहूर्तों की श्रृंखला बनी रहेगी। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 9 अप्रैल से हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2081 प्रारंभ हो रही है। इस दिन से ही शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का पर्व नवरात्र प्रारंभ हो रहा है। गुडी पडवा पर्व भी इसी तिथि को मनाया जाएगा।

### पर्व मनाने तैयारी शुरू

पंडितों के मुताबिक 9 से चैत्र नवरात्र पर्व प्रारंभ होगा, 10 को चेटी चंड्र भगवान झूलेलाल जयंती, 11 को गणगौर, 13 को पंचमी, 16 को अष्टमी, 17 को श्रीराम नवमी एवं 23 को श्री हनुमान प्रकटोत्सव पर्व है। माहभर पर्वों की श्रृंखला बने रहने से लोगों में उत्साह का माहौल है। वहीं घर-घर एवं मंदिरों तथा विभिन्न सभा समितियों द्वारा पर्वों को उत्साह एवं भक्ति के साथ मनाए जाने की तैयारिया भी शुरू कर दी गई है।



### बाजार में रहेगी रौनक

इधर इस माह पर्व एवं वैवाहिक मुहूर्तों के चलत बाजार में रौनक बने रहने की संभावना है। पर्व व्रत एवं मांगलिक कार्यक्रमों के लिए खरीदी करने के लिए शहर से लेकर ग्रामीणों तक की उपस्थिति बाजार में बनी रहेगी। बाजार में व्यापारियों ने भी विविध समाग्रियों की पर्याप्त स्टाक किए हुए हैं। अप्रैल माह में बेहतर व्यवसाय होने की संभावना जताई जा रही है। इस दौरान चहल-पहल एवं धार्मिक वातावरण निर्मित रहेगा।

### 18 से शुरू होंगे वैवाहिक मुहूर्त

ज्ञात हो कि 14 मार्च से खरमास लग गया था। लिहाजा इसके चलते मांगलिक आयोजनों पर विराम लगा हुआ था। खरमास का समापन 13 अप्रैल को हो रहा है। इसके बाद मांगलिक शहनाईयों की गूंज बनी रहेगी। 18 अप्रैल से मांगलिक आयोजनों के लिए शुभ मुहूर्त है। पंडितों एवं कैलेंडरों के मुताबिक 18, 19, 20, 21, 24 व 26 अप्रैल को वैवाहिक मुहूर्त है। गिने-चुने वैवाहिक मुहूर्तों के चलते जिनके यहां वैवाहिक आयोजन किया जाना है, उन्होंने पूर्व से ही तैयारियां शुरू कर दी है। इस माह 1 अप्रैल को मुर्ख दिवस, 7 को विश्व स्वास्थ्य दिवस, 10 को झूलेलाल जयंती, 13 को निषाद जयंती, 14 को डॉ. आम्बेडर जयंती, 28 को गुरू तेग बहादुर जयंती भी मनाया जाएगा। पूरे अप्रैल माह में लगातार पर्व एवं जयंती के चलते लोगों में व्यस्तता बनी रहेगी।



## खबर संक्षेप

### विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुई विधायक



**डोंगरगढ़।** ब्लॉक के खैरबना, ठाकुर टोला, कटली, कलकसा, कन्हारगांव, बल्देवटोला और सलोनी में गत दिनों फाग एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, जिला पंचायत सदस्य पुष्पा वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा आदि शामिल हुए। नेताओं के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों और आयोजकों ने आत्मीयता के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर राजू राजपूत, पंचराम चंदेल, सतानंद कंवर, प्रीतम साहू, लाल सिंह चंद्रवंशी, पोमेश कुमार, सरला साहू, पल्टू लहरे, केदान सिन्हा, राजेंद्र श्रीवास, अभिषेक सेन, केजू सेन, सुनीता धगेश, नीलकंठ वर्मा, नेपाल सिंह, गौतम वर्मा, पिंटू कमलेश्वर वर्मा आदि उपस्थित थे।

### महिला होली मिलन समारोह



**डोंगरगढ़।** होली मिलन समारोह में महिला रेलवे कर्मचारियों एवं अन्य महिलाओ ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस आयोजन में माँ शक्ति महिला समूह का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कई महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में एस. वेंकट स्वामी शाखा सचिव एवं रेलवे इंस्टिट्यूट के प्रबंधन समिति के सदस्यों का सहयोग रहा।

### विवेक साहू का चयन नवोदय विद्यालय में



**डोंगरगढ़।** कन्हारगांव की सरपंच सरला गंगाधर साहू के पुत्र विवेक साहू का जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। विवेक बचपन से ही मेधावी छात्र है। इससे पहले उसकी बड़ी बहन का भी नवोदय विद्यालय में चयन हो चुका है। विवेक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता गंगाधर साहू, माता सरला साहू तथा शिक्षक दीनदयाल साहू को दिया है।

### लाभार्थियों से किया संपर्क



**डोंगरगढ़।** रजानगर सुभाष वार्ड में विजय संकल्प योजना की तहत लाभार्थियों एवं वार्ड वासियों से संपर्क किया गया। इस मौके पर केन्द्र सरकार की योजनाओं के संबंध में बताया गया। वार्डवासियों से समस्याओं को दूर करने का वादा किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, सुरेन्द्रसिंग बन्नोआना, हरीश मोटघरे, सुनील जैन, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, मधुसूदन अग्रवाल, कमलेश साहू, पिंटू यदु, इंसार खान, योगेश मोटघरे, पुष्पा साहू, लक्ष्मी यादव सहित लगभग 60 महिलाएं मौजूद थी।

### महिलाओं ने खेली होली



**डोंगरगढ़।** शक्ति वाहिनी ने राजघराना लॉन में होली मिलन का आयोजन किया। भगवान श्री कृष्ण की पूजा करने के पश्चात सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया। कार्यक्रम में ज्योति बडवाईक, पूजासिंह राजपूत, सीमा मिश्रा ,पूनम ठाकुर, सविता साहू, इंदु यादव, बिंदु जेठवा, नम्रता सिसोदिया, कविता बघेल, हर्षा देवांगन, राखी प्रसाद, गुलशन खांडेकर, सुनीता बघेल, हेमिन साहू, नीता तराने, मधु महोबिया, धनश्री गिरधर, शारदा अग्रवाल, अंजू चौधरी, वर्षा गोरले, अमिता गोमाता सहित अन्य उपस्थित थी।

### भाजपा निकालेगी विजय संकल्प यात्रा





**डोंगरगढ़।** भाजपा मंडल लाल बहादूर नगर अंतर्गत आने वाले प्रत्येक बूथ में विजय संकल्प यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया है। इस यात्रा का आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कल्याणकारी योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, मंडल अध्यक्ष बोधीराम साहू, गिरवर साहू, रामाधीन देवांगन, उपेन्द्र वर्मा, रामनारायण धनकर, चन्द्रकुमार देवांगन, रोशन साहू, वर्षा गेडाम, भोजराज वर्मा, अशोक वर्मा, देवेन्द्र साहू, हेमलाल वर्मा, राजकुमार ताम्रकार, विमला साहू, लक्ष्मीनारायण, पुष्पलता वैष्णव, राकेश महिलांग सहित अन्य शामिल होंगे। यह जानकारी भूपेन्द्र वर्मा ने दी।

### पीड़िता को एक लाख की मदद



**डोंगरगढ़।** ग्राम चौथना में गत दिनों गैस सिलेंडर फटने की घटना हुई थी। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के प्रयास से पीड़ित परिवार को एक लाख का अनुदान मिला है। हितग्राही अनसूया बाई श्रीवास्तव को जनपद सदस्य लक्ष्मी मनोज नेताम, उप सरपंच नारायण उईके, संदीप सिंह, तुलस नेताम, सुशीला बाई गुप्ता की उपस्थिति में चेक प्रदान किया गया।



### संकल्प अभियान

**छुरिया।** भाजपा के बूथ विजय संकल्प अभियान के तहत जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका डडसेना ने अपने निवास पर भाजपा का झंडा बांध कर कार्यकर्ताओं से अभियान में शामिल होने की अपील की।

---

### कांग्रेस नेताओं ने किया भाजपा पर हमला

# कार्रवाई का विरोध, केन्द्र सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



केन्द्र सरकार की अलोकतांत्रिक कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि मोदी सरकार की हरकतों से लोकतंत्र एवं संविधान खतरे में है। आज जरूरत है कि सभी संविधान एवं लोकतंत्र को बचाने के लिए इस सरकार को उखाडने आगे आएं।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं एआईसीसी के आहवान पर जिला मुख्यालय मोहला के दुर्गा चौक में आयोजित प्रदर्शन में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के सलाहकार विनोद वर्मा, विधायक इन्द्रशाह मंडावी एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी शामिल हुए। करीब दो घंटे चले प्रदर्शन में श्री वर्मा ने भाजपा एवं केन्द्र सरकार पर कडे प्रहार करते हुए कहा कि लोकतंत्र, संविधान के साथ विपक्ष को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है।

विपक्षी नेताओ को ईडी एवं सीबीआई के माध्यम से झूठे मामले में फंसा कर प्रताडित किया जा रहा है। विपक्ष को हटाने के लिए नेताओ को जेल में डाला जा रहा है। विधायक श्री मंडावी ने कहा कि मोदी सरकार कांग्रेस एवं राहुल गांधी की लोकप्रियता से घबरा गई है इसलिए कमजोर करने के लिए उसके बैंक खाते को सीज कर दिया गया है। वहीं परेशान करने के लिए आईटी के माध्यम से 1823 करोड आयकर भरने का नोटिस भेजा गया है।

#### जबाव देने रहे तैयार

जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने सरकार की प्रताडना तथा परेशान करने वाली कार्रवाई का मुहतोड जवाब देने के लिए तैयार रहने की अपील की। सभा को संजय जैन, नारायण खंडेलवाल, कृष्णकुमार देशमुख, मनीष निर्मल, नोहरू कुमेटी, लच्छु साबले, मीना मांझी, दिनेश शाह मंडावी, अजय राजपूत ने संबोधित किया। सभा में भूषण तिवारी, सुरजीत सिंह ठाकुर, अब्दुल खलिक, कन्हैया राजपूत, लता साव, गमिता लोन्हारे, विनोद डेहरिया, राजेन्द्र मंडावी, अब्दुल खान, अजय अग्रवाल, पिन्टू तिवारी, मिर्जा नूर बेग, दिलीप सिंगने, रामेन्द्र गोआर्य, पन्ना मेश्राम, राजकुमार धुवे, अनूर गोआर्य, डेरहा मेश्राम आदि उपस्थित थे।

#### अफसरों के साथ नोंकझोंक

जिला मुख्यालय में कांग्रेस के प्रदर्शन एवं मशाल जुलुस के दौरान पुलिस एवं प्रशासन के अफसरो के साथ स्थानीय विधायक एवं कांग्रेस के पदाधिकारियो के मध्य कहासुनी एवं वाद विवाद भी हुआ। प्रशासन एवं पुलिस ने मशाल जुलुस की अनुमित नही होने को लेकर आपत्ति की और मशाल जुलुस नही निकालने कहा लेकिन विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष आदि जुलूस निकालने पर अडे रहे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मशाल जुलुस निकालकर अलोकतांत्रिक कार्रवाई का विरोध किया।

#### निकाला मशाल जुलूस

भरी दोपहरी में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने मशाल जुलुस निकालकर लोकतंत्र एवं संविधान बचाने के लिए सभी से एकजुट होने का आहवान किया। कांग्रेसियो ने दुर्गा चौक से फव्वारा चौक तक मशाल जुलुस निकाला।

---

## करोड़ों की सड़क हुई खस्ताहाल



**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ बढईटोला होते हुए खैरागढ़ एवं डोंगरगढ़ से चिचोला तक करोड़ो की लागत से बनी सड़क जर्जर हो गई। इस सडक पर अब सायकल चलाना भी मुश्किल होने लगा है। वहीं मरम्मत के नाम पर लाखों खर्च होने के बाद भी सड़क विलुप्त होते नजर आ रही है। जगह-जगह गढडों को भरा जा रहा है किन्तु कई किलोमीटर तक सड़क उखड़ चुकी है और सैकड़ो गढडे बन चुके हैं। सर्वाधिक जर्जर स्थिति डोंगरगढ़ बढईटोला खैरागढ़ मार्ग की है। सड़क निर्माण के दौरान बरती गई अनियमितता एवं निम्न स्तर के मटेरियल के उपयोग के कारण सड़क की यह हालत हुई है। मरम्मत के नाम विभाग ने आनन-फानन में गढडे को भरने का प्रयास जरूर किया किन्तु उबड़-खाबड़ सडक पर वाहन हिचकोले खाते नजर आते हैं। इंडियन डेव्हलपमेंट बैंक से कर्ज लेकर बनी सडक का फायदा क्षेत्रवासियों को मिला नहीं किन्तु अधिकारी एवं ठेकेदार अपनी जेब गरम करने में जरूर सफल रहे। सड़क के निर्माण में करोड़ो खर्च होने के बाद भी लोगों को परेशानी उठाना पड़ रहा है।

#### मरम्मत कर निकाली राशि

उक्त सड़क के साथ पुल पुलियो का निर्माण भी होना था किन्तु पुराने पुल पुलियों की मरम्मत कर स्टीमेट के आधार पर राशि का आहरण कर लिया गया है। मेंटनेंस के नाम से आने वाली राशि के आधार पर कार्य नहीं किया गया है। सड़क के आजू-बाजू में बरसाती पानी की निकासी के लिए नाली निर्माण नहीं कराया गया। सड़क चौडीकरण के दौरान हरे भरे पेड़ो की काट दिया गया परन्तु लाखों रूपए आहरित करने के बाद कागजों में पौधरोपण कर दिया गया।

---

## वार्डवासियों को रूला रही अनियमित बिजली सप्लाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर के वार्ड 3 और 2 के नागरिक बिजली की अनियमित आपूर्ति से परेशान हो गए है । दोनो वार्ड में समय बेसमय लाइट गुल हो जाती है जिसके कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम के खराब होने पर पूरी रात बिजली गुल रहती है और लोगों को अंधेरे में रात गुजारना पड़ता है। बीते 30 मार्च को जब मौसम में परिवर्तन हुआ और हल्की हवा चलने लगी तब लाईट गुल हो गई थी दूसरे दिन 12 बजे आई जबकि अन्य वार्डो में लाइट आधी रात के बाद चालू हो गई थी। लाईट गुल होने के बाद दोनों वार्ड के लोगों को रतजगा करना पड़ा था।

#### मांग किया गया

बिजली कंपनी के ईई किरण जांगड़े ने बताया कि ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के लिए मांग किया जाएगा। स्वीकृति मिलने पर क्षमता बढ़ाया जाएगा। ट्रांसफार्मर हटाने अब तक आवेदन नहीं मिला है।

#### आए दिन होती है बिजली गुल

वार्ड के त्रिलोक महार, विवेक नामदेव, निखिल निर्मलकर, देवेंद्र नामदेव, रवि, राहुल, भागवत सहित अन्य ने बताया कि बिजली गुल की समस्या लगातार बनी हुई है। समय बेसमय लाइट गुल होते रहती है जिससे दैनिक कार्यो में परेशानी होती है। वार्ड 3 के पार्षद प्रतिनिधि नीलम नामदेव ने बताया कि ट्रांसफार्मर का स्थल परिवर्तन करने के लिए मैंने दो जगह का सुझाव बिजली कंपनी के समक्ष रखा था। मस्जिद पारा और तालाब से 100 मीटर की दूरी पर स्थित मार्ग पर पहले से मोबाइल टावर के लिए ट्रांसफार्मर लगा हुआ है।

#### निजी जमीन से ट्रांसफार्मर हटाने की मांग

लगभग 25 साल पहले वार्ड 3 एवं 02 के लिए तालाब के पास ट्रांसफार्मर लगाया गया था। इसी ट्रांसफार्मर से वार्ड में बिजली आपूर्ति होती है। 25 साल पहले दीवान बाड़ा में हालर मिल के लिए लगवाए गए ट्रांसफार्मर में कनेक्शन को ट्रांसफर कर दिया गया था जो अब तक उसी ट्रांसफार्मर के भरोसे आपूर्ति की जा रही है। इस ट्रांसफार्मर को निजी स्थान से हटा कर सड़क किनारे लगाने की मांग वार्डवासी कई बार कर चुके है पर अब तक ट्रांसफार्मर नहीं हट सका है।

---

## लाखों खर्च, नहीं बदली शहर की तस्वीर

### सवालों के घेरे में पालिका के अधिकारी और जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



नगर के विभिन्न वार्डो में विकास के नाम पर निर्माण कार्यो में अनियमितता बरते जाने का खुलासा होने के बाद भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने शिकायत किया था। शिकायत के बाद फर्जी मूल्यांकन कर ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया है। इस मामले में गडबडी करने वाले इंजीनियर पर कार्यवाही नही होने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं।

उल्लेखनीय है कि निर्माण कार्यों में गड़बड़ी को लेकर कांग्रेस शासनकाल में भाजपा पार्षदों ने आंदोलन भी किया था। भाजपा के विरोध के बाद भी अब तक न तो जांच हुई और न कार्यवाही हो सकी है। हालांकि तत्कालीन नगर पालिका अधिकारियों का स्थानांतरण जरूर कर दिया गया। वहीं वर्तमान में पदस्थ इंजीनियर को गडबडी के मामले में सस्पेंड कर दिया गया था वह राजनीतिक एप्रोच लगाकर पुनः अपनी पदस्थापना कराने में सफल हो गया है। भाजपा सरकार बनने के बाद सांठगांठ कर पालिका में अपनी धाक बना रखा है। लाखों के मरम्मत कार्यो को बिना कराए ही राशि का आहरण करने का आरोप लगा है। सीसी रोड़, गार्डन, मिनी व्यायाम शाला, ओपन जिम, खेलकूद सामाग्री, लाईट खरीदी के लिए चहेते ठेकेदारों को ही टेंडर फार्म देने का आरोप लगा था। लगातार 5 सीएमओ के स्थानांतरण के बाद अब इंजीनियर की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने के बाद कुछ जनप्रतिनिधियों के साथ तालमेल बैठाकर मामले को रफा दफा करने का प्रयास किया जा रहा है।

#### मेरी जानकारी में नहीं

नगर पालिका अधिकारी सीके शर्मा ने हाल ही में आने का हवाला देते हुए ऐसे किसी भी मामले की जानकारी होने से इंकार किया है। उन्होंने कहा कि पुराने किसी मामले में गडबडी हुई है तो शिकायत के आधार पर जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र भेजा जाएगा।

#### स्थानांतरण की तैयारी

आचार संहिता लागू होने के कारण इंजीनियर अब तक अपने मंसुबे में कामयाम नहीं हो पाया है किन्तु कार्यवाही के डर से जल्द ही स्थानांतरण करवाकर जाने की तैयारी में है। जिस इंजीनियर के खिलाफ निर्माण कार्य के अलावा टेंडर प्रक्रिया में गडबडी की शिकायत हुई थी वह राजनीतिक एप्रोच से पुनः नगर पालिका में पदस्थ हो गया है। सड़क डामरीकरण, प्रधानमंत्री आवास, सीसी रोड़, लाईट खरीदी, चेकर टाईल्स, सड़क एवं गार्डन निर्माण का फर्जी सत्यापन मूल्यांकन कर राशि का जमकर दुरूपयोग किया गया है।

#### नेताओं से गठजोड़

जानकारी के अनुसार वर्तमान में हुए टेंडर के फार्म बांटने में इंजीनियर की मोनोपल्ली नहीं चल सकी है। अब उक्त इंजीनियर अपनी पोल को दबाने के लिए जिला एवं प्रदेश भाजपा के जनप्रतिनिधियों के साथ तालमेल बैठाकर स्थानांतरण करवाने में लगा है।

---

### महरूमखुर्द स्कूल में न्यौता भोज

**ठेलकाडीह।** महरुमखुर्द के ग्रामीणों की सहभागिता से न्यौता भोज का आयोजन किया गया। प्रथम सप्ताह ग्राम के डॉ. परशुराम चंदेल ने चना, मुर्रा, लायची दाना, मुंगफली खिलाया। दूसरे सप्ताह सरपंच इंदु वर्मा एवं नीलू वर्मा ने बिस्किट, तीसरे सप्ताह रोहित वर्मा ने खीर और चौथे सप्ताह दिनेश वर्मा ने अंगूर, पांचवे सप्ताह मध्यान्ह भोजन संचालक जय माँ वैष्णवदेवी महिला स्व सहायता समूह, गंगदेव वर्मा, जय माँ अम्बे महिला स्व सहायता समूह की ओर से खीर, पूड़ी, पापड़, अंगूर का वितरण किया गया। इस मौके पर गंगा पटेल, खिलेश्वर लहरे, योगेन्द्र कुर्रे, ललिता रावटे, स्वीटी वर्मा, विनोद वर्मा, नवीन वर्मा, छोटेलाल वर्मा, शशि निर्मलकर आदि उपस्थित थे।

---

### भोरमदेव साहित्य सृजन मंच का आयोजन

# काव्य गोष्ठी के साथ पुस्तक का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



ग्राम पंचायत खैरा नवापारा के सामुदायिक भवन में रविवार को भोरमदेव साहित्य सृजन मंच कबीरधाम ने काव्य गोष्ठी एवं पुस्तक विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया। अतिथि के तौर पर साहित्यकार कुबेर साहू, लोक साहित्यकार डा. पीसी लाल यादव, पत्रकार विरेन्द्र बहादुर सिंह, लोक गायक महादेव हिरवानी, पंडवानी गायिका, सब इंस्पेक्टर तरुणा साहू शामिल हुए।

कार्यक्रम में पूजा अर्चना एवं स्वागत पश्चात होली मिलन मनाया गया। उपस्थित अतिथियों ने कमलेश प्रसाद शर्मा द्वारा रचित खेतहारिन एवं मुकेश साहू की जरई नामक पुस्तक का विमोचन किया। श्रभ यादव ने साहित्यकारों को रचना लिखने एवं प्रकाशित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित साहित्यकारों ने कविता पाठ किया। लोक गायिका तरुणा साहू ने पंडवानी गायन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

महादेव हिरवानी ने फाग गीत में लोगों को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। संचालन कुंज बिहारी साहू ने किया। कार्यक्रम में सरपंच शारदा जंघेल, मिनेश कुमार साहू, गोरेलाल जंघेल, अन्नपूर्णा जंघेल, राजकुमार मसखरे, दिलीप पुडेटी, पदमा साहू, इंदिरा चंद्रवंशी, वेद कुमारी साहू, तुलेश्वर सेन, तेजस्विनी सेन, रामावतार साहू, मेलाराम साहू, पारस जंघेल, चिंताराम धुर्वे, बोधनसिंह चंदेल, महदीप चंदेल, दूज राम साहू, आनंद मरकाम, पवन, मोहन लाल साहू, शिव प्रसाद साहू, संजय साहू, रमेश चौरसिया, लोकेश गुप्ता, धर्मेन्द्र जंघेल, मुकेश साहू, गावस्कर कौशिक, कमलेश शर्मा, गायत्री श्रीवास, वर्षा गुप्ता, बोधन निषाद, जितेंद्र वर्मा, वैद्य, आनंद मरकाम, संजू उके, कुंजबिहारी साहू, रूपेश मानिकपुरी, लच्छू यादव, रिखीराम धुर्वे, पारस जंघेल, कार्तिक मानिकपुरी, शशांक यादव, ज्ञानू मानिकपुरी, नंद कुमार जघेल, पुलेन्द्र जंघेल सहित अन्य मौजूद थे।

#### नशा उन्मूलन पर जोर

साहित्यकारों ने समाज को नशा की गिरफ्त से दूर करने पर जोर दिया। राज्य की प्राकृतिक, धार्मिक धरोहरों को सहेजने पर अपना विचार रखा।

---

## घर-घर लगा भाजपा का झंडा



**सड़क अतरिया।** भाजपा के बूथ विजय संकल्प अभियान के तहत छुईखदान मंडल के विभिन्न शक्ति केंद्र एवं बूथों में शनिवार को भाजपा नेता, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने घर घर में झंडा लगाया। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने बूथ क्रमांक 122 स्थित अपने घर मे झंडा लगाने के पश्चात अन्य घरो मे भी झंडा लगाया। इसी प्रकार बूथ क्रमांक 166 मुरई में भी झंडा लगाया गया। भाजपा के प्रेम नारायण चंद्राकर टिकरीपारा, पूरन जंघेल, मंडल अध्यक्ष नेतराम जंघेल, अवध जंघेल, भावेश कोचर, कृष्णाकांत महोबिया, आंनद सिन्हा, प्रकाश जंघेल, अशोक जंघेल, दिलीप वैष्णव, समारु जंघेल, मकसूदन साहू, तुकाराम जंघेल, ज्ञानसिंह यादव, ज्योति जंघेल, किसन सिलोटिया, विक्रांत चंद्राकर, युवराज ठाकुर, नरेश जंघेल, नंद बाबा, लेखराम शिवहरे, प्रेमलाल सहित अन्य ने भी घर घर जाकर झंडा लगाया।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## खबर संक्षेप

### बैहाटोला स्कूल के चार बच्चे चयनित



**खैरागढ़।** राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में ब्लाक के पूमाशा बैहाटोला से चार छात्राओं रेशमा कुंजाम, खुश्बू कुंजाम, हिना वर्मा, दीप्ति वर्मा का चयन हुआ है। प्रधानपाठक किशोर शर्मा ने बताया कि योजना तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी छात्रों को आठवीं कक्षा में पढ़ाई छोड़ने से रोकने और उन्हें माध्यमिक स्तर पर अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करने को लेकर छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। हर साल नौवीं कक्षा के चयनित छात्रों को एक लाख नई छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं और राज्य सरकार, सरकारी सहायता प्राप्त व स्थानीय निकाय के विद्यालयों में पढने वाले छात्रों के लिए दसवीं से बारहवीं कक्षा में उनकी निरंतरता नवीनीकरण किया जाता है। योजना को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर शामिल किया गया है जो छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म है। छात्रवृत्ति की धनराशि को डीबीटी मोड बाद पीएफएमएस के जरिए सीधे चयनित छात्रों के बैंक खातों में भेजी जाती है। एक ही शाला से एकमुश्त उपलब्धि पर डीईओ लालजी द्विवेदी, बीईओ नीलम सिंह राजपूत, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान, विजय वर्मा, रूपेश निषाद, सरपंच राधेलाल उइके, शाला विकास समिति अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, संकुल समन्यवयक समयलाल धुर्वे, संकुल प्रभारी पूनम पांडेय सहित शिक्षक कल्याण दास वर्मा, सत्यकुमार घावड़े, तीरथ साहू, दिनेश चंदेल, संतोषी वर्मा ने बधाई दी है।

### अवकाश में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त नहीं किए जाएंगे

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राजपत्र में सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निगोशिएबल ईन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट 1881 की धारा 25 के तहत सार्वजनिक अवकाशों की सूची का प्रकाशन किया गया है। 1 अप्रैल को बैंकों की वार्षिक लेखाबंदी हेतु सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इसके अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु नाम निर्देशन पत्र 31 मार्च दिन रविवार व 1 अप्रैल दिन सोमवार को प्राप्त नहीं किए जाएंगे।

## निधन



### लीलाबाई बाघमारे

**मुरमुंदा।** मडियान (लालबहादुर नगर) निवासी लीलाबाई बाघमारे का आकस्मिक निधन रविवार को हो गया। वे मुकेश बाघमारे प्रधान आरक्षक चिचोला चौकी की माता थी।



### सुरेश भट्ट

**खैरागढ़।** गायत्री नगर निवासी अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सुरेश भट्ट पिता स्व.जीआर भट्ट 53 साल का रविवार 31 मार्च को निधन हो गया। शनिवार रात स्वास्थ्य उपर नीचे होने पर परिजन इलाज के लिए राजनांदगांव लेकर गए, जहां दोपहर एक बजे के आसपास राजधानी ले जाते समय रास्ते में सोमनी के पास श्री भट्ट का निधन हो गया। सोमवार सुबह दस बजे गंजीपारा मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार होगा। सरल, सहज स्वभाव के धनी अधिवक्ता संघ अध्यक्ष स्व.सुरेश भट्ट को संघ ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी है।

### कोर कमेटी, चुनाव प्रबंधन समिति सहित कार्यकर्ताओं की बैठक

# लोकसभा के लोग सांसद नहीं मंत्री चुनने जा रहे : जामवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राम मंदिर में भाजपा संगठन के कोर कमेटी, चुनाव प्रबंधन समिति सदस्यों सहित प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने ली। अजय जामवाल ने बैठक में भविष्य की ओर संकेत करते हुए कहा कि राजनांदगांव लोकसभा के लोग सांसद नहीं बल्कि मोदी सरकार के लिए मंत्री चुनने जा रहे हैं।

जीत के बाद मिलने वाली बड़ी जवाबदारी की ओर इशारा किया और कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ को मजबूत करने की ओर ध्यान दे। संगठन के सभी कार्यक्रमों को गंभीरता से पूर्ण करें। बैठक में खैरागढ़, डोंगरगढ़, पंडरिया और कवर्धा विधानसभा के प्रमुख अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ता शामिल थे। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए सांसद संतोष पांडे ने सतत संघर्ष किया है। क्षेत्र से लेकर संसद में निरंतर सक्रिय रहे। बड़ी परियोजनाओं का सूत्रपात किया। विजय शर्मा ने कहा कि लोकसभा में जीत विकास के नवयुग का सृजन करेगी। बड़ी सडक़ परियोजनाएं अस्तित्व में आ रही हैं इसके विपरीत कांग्रेस ने सिर्फ क्षेत्र के लोगों को ठगने का काम किया है।




### ढूंढ रहे हार का बहाना : संतोष

बैठक में सांसद व लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडेय ने भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए कहा कि भूपेश अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं को लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ भड़का रहे हैं। वे अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं से सैकड़ों की संख्या में नामांकन भरने के लिए कह रहे हैं। हार के डर से अब बहाना ढूंढा जा रहा है। कोर कमेटी की बैठक को संगठन मंत्री पवन साय ने भी संबोधित किया और आगामी कार्ययोजनाओं की जानकारी दी। बैठक में लोकसभा प्रभारी नारायण चंदेल, संयोजक मधुसूदन यादव, सह संयोजक नीलू शर्मा, कवर्धा विधायक भावना बोहरा सहित अन्य मौजूद थे।

# भगवान राम के नाम से जीवन होता है निर्मल

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

बड़े बिरेझर के राधा रमण बिहारी आश्रम में रामकथा का आयोजन 28 मार्च से किया गया है। यह आयोजन आगामी 3 अप्रैल तक चलेगा। चित्रकूट धाम क्रे अनंत श्री से विभुषित जगद्गुरु रामानंदा चार्य स्वामी धीरेन्द्रचार्य प्रतिदिन राम कथा का दोपहर एक से वाचन कर रहे हैं। आयोजन क्रे चौथे दिन कथा वाचक धीरेन्द्रचार्य ने राम कथा का वाचन करते हुए सिद्धांतो क्रो दृष्टांतो क्रे माध्यम से सिद्ध करने का प्रयास किया और सरल भाषा में भ्रम दूर करने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि रामकथा में 84 प्रसंग है जो 84 योनि से मुक्ति के उपाय है। उन्होंने कहा कि भगवान का नाम लेने से आप निर्मल हो जाते है। भगवताचार्य मनहरण तिवारी ने भगवान के साकार व निराकार रूप क्रो समझाया। उन्होंने कहा कि परमात्मा ही राम है और राम ही परमात्मा है।

इस मौके पर टीकम दास, ज्ञानेश्वर कश्यप, रत्ना कश्यप, गोपाल रावटे, हीरामन सलाम, देवेंद्र नेताम, राजेश यादव, राकेश देवांगन, प्रवीण खोबरागढ़े, एसक्रे जायसवाल, अहिल्या, टेकराम पैकरा, सरिता, डॉ भागवत साहू, डॉ एचएस वर्मा, रंजीत शरण, कमल पटेल, आईपी दिनकर, पंकज श्रीवास्तव, विभा नंदेश्वर, सीमा खोबरागढ़े, अन्नपूर्णा देवांगन, चंद्रशेखर पटेल, गणेश पटेल, भगीरथी पटेल, हुलास पटेल, विनीता यादव, जीवधर पटेल, विभा मरकाम, सूर्यकांत त्रिपाठी, चंपा पुरनेन्द्र पटेल आदि मौजूद थे।

### भाजपा प्रत्याशी सांसद के रूप में नाकाम साबित



**खैरागढ़।** पांच साल की सांसदी में भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय अकर्मण्य सांसद साबित हुए। नवागांव में आयोजित कार्यक्रम में जिपं सभापति विप्लव साहू ने कहा कि पांच साल के लंबे कार्यकाल में भी लोकसभा सांसद और भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय के खाते में विकास के नाम पर सिर्फ शून्यता है। केंद्र में सरकार होने के कारण जनता को उनसे बहुत उम्मीद थी, लेकिन उन्हें आंशिक रूप से भी आरम्भ करने में सांसद पूरी तरह नाकाम रहे हैं। जिपं सभापति श्री साहू ने कहा है कि उनके कार्यकाल में विकास का कोई एक भी बेहतर कार्य या निर्माण नही हुआ। मंत्रियों द्वारा लोकसभा क्षेत्र के विकास को लेकर की गई घोषणाएं सिर्फ घोषणा रह गई, चाहे वह रेलवे लाइन की बात हो, चाहे सड़क परिवहन की बात हो या किसी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की हो वह सिर्फ मीडिया और कागजों में ही सिमटी रही। जिपं सभापति ने कहा कि आम जनता सिर्फ घोषणा या वादो पर भरोसा नहीं करती वह अपने प्रतिनिधि से काम, विकास और निर्माण की उम्मीद करती है इस मामले में मौजूदा सांसद की झोली बिल्कुल खाली है। लोकसभा एरिया विस्तृत और महत्वपूर्ण क्षेत्र है जहॉ उनसे पहले कई सक्रिय और विकास करने वाले सांसद हुए हैं, लेकिन संतोष पांडेय सबसे अकर्मण्य सांसद साबित हुए हैं। इन्ही कारणों से भाजपा के कार्यकर्ता ही उनके कार्यकाल से नाखुश और पीड़ित नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा कि एक सर्वे के मुताबिक इनकी ही पार्टी में तीन-चार नेता सांसद प्रत्याशी के लिए अधिक लोकप्रिय थे लेकिन उन्हें दरकिनार करके करके ऐसे व्यक्ति को प्रत्याशी बनाया गया जिनका न तो उचित जनसंपर्क रहा, न गतिविधि रही और न ही कोई कल्याणकारी कार्यक्रम का क्रियान्वयन रहा जिसके चलते मौजूदा सांसद चुनावी रेस में कांग्रेस के काफी पीछे नजर आ रहे हैं।

### विश्व जागृति मिशन ने मनाया रंग पंचमी महोत्सव



**डोंगरगढ़।** स्थानीय विश्व जागृति मिशन डोंगरगढ़ मंडल ने शनिवार को फूलों की हेली खेलकर रंग पंचमी महोत्सव धूमधाम से मनाया। शनिवार को सर्वप्रथम शाम 6 बजे सत्संग का आयोजन किया गया। प्रधान जन आर. देवांगन के नेतृत्व में साधकों ने होली के भजन गाकर आनंद मनाया। भजन गायन में प्रमुख रूप से मनथीर दास साहू, सुमन खेमुका, अजय ठाकुर, डॉ. बीपी चंद्राकर, सीएल अग्रवाल, शैली ठाकुर सहित अन्य सदस्यों ने समां बांधा। तत्पश्चात फूलों की होली खेली गई।

सर्वप्रथम सदगुरुदेव भगवान सुधांशु महाराज के चरणों में गुलाल व फूलों की होली से कार्यक्रम की शुरूआत की गई। तत्पश्चात सदस्यों ने एक-दूसरे के ऊपर फूल डालकर होली की बधाइयां दी। रंगों के इस त्यौहार का महत्व समझाते मिलजुल कर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में एनआर देवांगन, डीपी शर्मा, विश्वनाथ यादव, सीएल अग्रवाल, रमेश बहेकर, आरन सिंह ठाकुर, हेमंत साहू, डॉ. बीपी चंद्राकर, भागचंद चंद्रवंशी, पीआर गजेंद्र, मनथीर दास साहू, सवंल सिंह सहारे, चंद्रमोहन हिरवानी, बालाराम साहू, अजय सिंह ठाकुर, सुलोचना अग्रवाल, सुमन खेमुका, किरण नरेड़ी, शैली ठाकुर, गोपाल खेमुका सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। आरती के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।




## सार समाचार

### भाजपा ने विजय संकल्प दिवस मनाया

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के सभी भाजपा मंडलों में शनिवार को विजय संकल्प अभियान प्रारंभ किया गया। जिसके तहत सभी मतदान केंद्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों में भाजपा का झंडा लगाकर विजय का संकल्प लिया। इस अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता बूथ केंद्र के घरों में जाकर भाजपा का झंडा लगाने का कार्य कर रहे हैं। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, भाजपा नेता बंटी भाटिया ने अपने घरों मे भाजपा का झंडा फहराकर आम नागरिकों से कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने 10 वर्षों के शासनकाल में देश का गौरव ही नहीं बढ़ाया, बल्कि देश को आर्थिक व सामरिक दृष्टि से भी मजबूत बनाया है। इससे पूरी दुनिया में भारतीयों का सिर गर्व से ऊंचा हो गया है। भाजपा नेताओं ने क्षेत्र की जनता से एक बार फिर मोदी सरकार बनाने की अपील करते कहा कि मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल बड़े-बड़े फैसलों का होगा। जिससे देश की उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। इसके लिए आवश्यक है कि क्षेत्र की जनता भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय को बहुमत से विजय बनाएं।



### महिलाएं ग्रामीणों को कर रहीं जागरूक

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2204 अंतर्गत राजनांदगांव जिले में 26 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के निर्देशन में बिहान योजना अंतर्गत समूह की महिलाएं अपने-अपने ग्राम संगठन एवं संकुल संगठन स्तर पर शत-प्रतिशत मतदान के लिए ग्रामीणों को जागरूक कर रही है। अविभाजित राजनांदगांव जिले के सभी 9 विकासखंड अंतर्गत अब तक लगभग 650 ग्राम संगठनों से जुड़े लगभग एक लाख से अधिक स्वसहायता समूह की महिला सदस्यों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया है और आगे भी ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक करने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान समूह की महिलाओं द्वारा रैली निकालकर, हाथों में मेहंदी लगाकर, रंगोली, मानव श्रृंखला बनाकर शत-प्रतिशत मतदान के लिए ग्रामीणों से अपील करते जागरूकता किया जा रहा है। विशेष रूप से महिलाओं द्वारा ग्राम संगठन स्तर पर समूह की महिलाओं से मतदान वचन का शपथ भी दिलाया जा रहा है। साथ ही अपने परिवार, रिश्तेदारों एवं पड़ोसियों को मतदान करने प्रेरित करने कहा जा रहा है। इस प्रकार से ग्रामीण अंचल में बिहान स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु अभिनव प्रयास किया जा रहा है। जिससे जिले में शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।



### भाजपा ने जनभावनाओं के अनुरूप किया काम

**राजनांदगांव।** भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश पटेल ने कहा कि भाजपा देश की सेवा करने वाली पार्टी है। भाजपा जो कहती है, उसे करके दिखाती है। 1952 में हमने संकल्प लिया था कि एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। कश्मीर से धारा 370 समाप्त कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाया। भगवान श्रीराम 500 वर्षों तक टेंट में रहे, तब भाजपा ने नारा दिया रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। भाजपा ने जनभावनाओं के अनुरूप 500 साल बाद अयोध्या में भगवान श्रीराम को पुनः प्रतिष्ठित किया। श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश को आगे बढ़ना चाहते हैं और इसके लिए दिन-रात काम करते हैं। भाजपा सबको साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है। आज मोदी दुनिया के सबसे बड़े नेता एवं सबसे लोकप्रिय नेता हैं। ऐसी पार्टी को पुनः केंद्र की सत्ता में बैठाना देश के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य कभी सत्ता प्राप्ति नहीं रहा है। भाजपा हमेशा राष्ट्र को विश्व गुरु के रूप में स्थापित करने कार्य करती है। सत्ता तो केवल माध्यम है। भाजपा के लिए राष्ट्र सर्वप्रथम है और वह देश के लिए काम करती है। देश में पांच बार भाजपा की सरकार बनी। जिसमें तीन बार भारत रत्न श्रद्धेय अटलबिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने और देश को आगे बढ़ाने का काम किया। वहीं दो बार 2014 और 2019 में फिर से भाजपा की सरकार बनी और प्रधानमंत्री मोदी देश को आज विश्वगुरु बनाने कार्य कर रहे हैं।



### कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक की बूथ बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने के संकल्प के साथ शहर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के वार्ड क्र. 28 में बूथ क्र. 133, 134, 138 के बूथ कमेटियों की तैयारी बैठक शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा की उपस्थिति में दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन द्वारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय भरकापारा में रखी गई। बैठक में कांग्रेस के प्रत्याशी भूपेश बघेल द्वारा कांग्रेस सरकार में किए गए जनहित के कार्यों का उल्लेख किया गया और कांग्रेस द्वारा जारी की गई लक्ष्मी न्याय योजना, किसान न्याय योजना एवं युवाओं के लिए न्याय योजना की जानकारी बूथ अध्यक्ष एवं बूथ कमेटियों के सदस्यों को दी गई। श्री छाबड़ा ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपना सांसद चुनने का अवसर मिला है। निश्चित रूप से आगामी लोकसभा में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। भूपेश के विजयी होने पर राजनांदगांव का नाम भारत के ऊपर की पंक्तियों में दर्ज होगा और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित होंगे। आभार प्रदर्शन दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सतीश सोनपिपरे ने किया। इस अवसर पर प्रज्ञा गुप्ता, महेश अग्रवाल, मनीष सिमनकर, पंकज गुप्ता, जितेश सिमनकर, मोहसिन कुरैशी, अजय अग्रवाल, शरद जैन, राकेश जैन, सतीश सोनपिपरे, रजत भोईर, राजू कुरैशी, भारत भूषण शर्मा, गुड्डू, मोहन चुनरकर, दिलीप यादव, सुनील पिल्ले, संघप्रिय वासनिक, विजय जैन, नीलम मेश्राम, सत्यम ओझा, अखिलेश ठावरे, लक्की रामटेके सहित वार्ड के कांग्रेसजन उपस्थित रहे। जानकारी अरशद ने दी।



परिहार हॉस्पिटल कवर्धा
मदर एवं चिल्ड्रन हॉस्पिटल
PARIHAR HOSPITAL
- स्मार्ट कार्ड से निःशुल्क ईलाज
- किफायती दरों में नॉर्मल व सिजेरियन डिलीवरी
- नवजात शिशु व बच्चों के ईलाज की आधुनिक सुविधाएं
- निःसन्तान दंपतियों को परामर्श, जांच व ईलाज की सुविधा
- सभी प्रकार की जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी (बच्चादानी, हर्निया, हाईड्रोसिल, पथरी, प्रोस्टेट व एपेंडिक्स) किफायती दरों में
सम्पर्क : 9753059148
परिहार हॉस्पिटल मिनीमाता चौक, कवर्धा

## नामांकन को तीन दिन शेष फिर भी सिर्फ बैठकों का ही दौर

# सिर पर चुनाव, नेताओं की जिम्मेदारी अब तक तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश की सबसे हाईप्रोफाईल सीट राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में होली त्यौहार निपटने के बाद भी चुनावी रंग नहीं चढ़ पा रहा है। नामांकन प्रक्रिया को अब सिर्फ तीन दिन शेष रह गए हैं और पूरे संसदीय इलाके में भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी ही दौरा कर प्रचार में पसीना बहा रहे हैं। दोनों दलों द्वारा पखवाड़ेभर पहले प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई है, लेकिन जिला संगठन द्वारा स्थानीय नेताओं को कोई जिम्मेदारी नहीं दिए जाने के चलते वे हाथ में हाथ धरे बैठे हैं।

चुनावी रणनीति तैयार करने और उसे ग्रास रूट पर पहुंचाने में माहिर भाजपा ने लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र से सांसद संतोष पांडे को रिपीट किया है। घोषणा के बाद से ही सांसद श्री पांडे संसदीय क्षेत्र के दौरे पर लगे हुए हैं। इधर कांग्रेस ने यहां पूर्व मुख्यमंत्री





भूपेश बघेल को प्रत्याशी घोषित कर जंग को काफी प्रतिष्ठापूर्ण बना दिया है। पूर्व सीएम श्री बघेल ने यहां बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की बैठक कर न सिर्फ चुनावी रणनीति तैयार कर ली है, बल्कि वे लगातार दौरे पर भी हैं। नामांकन प्रक्रिया को अब सिर्फ तीन दिन शेष रह गए हैं और संगठन स्तर पर चुनावी रण के लिए दोनों दल अभी तक सिर्फ रणनीति बनाने में ही व्यस्त दिखाई दे रहे हैं। भाजपा के छत्तीसगढ़ प्रभारी नीतिन नवीन ने पिछले दिनों यहां बैठक लेकर विधानसभावार नेताओं को जिम्मेदारी देने के निर्देश दिए थे, लेकिन आज पर्यन्त तक नेताओं को यह जिम्मेदारी नहीं दी गई है। इधर कांग्रेस में भी यही स्थिति साफ तौर पर दिखाई दे रही है। कांग्रेस में न तो अभी तक चुनाव संचालक नियुक्त किया गया है और न ही विधानसभावार समिति का गठन किया गया है। जिला मुख्यालय के नेताओं को भी कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई है। यही कारण है कि होली त्यौहार के बाद भी चुनावी रंगत पूरी तरह गायब है।

### कार्यालयों में रौनक

भाजपा ने संसदीय क्षेत्र का कार्यालय लोहाणा महाजनवाडी में शुरू कर दिया है। यहां भाजपा नेताओं की लगातार आवाजाही हो रही है और बैठकों के जरिये रणनीति तैयार करने का काम भी जारी है। इधर कांग्रेस का कार्यालय अभी तक नहीं खुल पाया है। बताया जाता है कि तुलसी विहार में कार्यालय खोले जाने की तैयारी है। हालांकि वर्धमान नगर में एक वार रूम शुरू होने की भी खबर है।

# लाल का बयान हास्यास्पद व निर्वाचन नियमों के विपरीत

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने भाजपा नेता सुरेश एच. लाल के बयान को हास्यास्पद एवं निर्वाचन नियमों की विपरीत करार देते कहा कि लाल ने यह भी प्रमाणित कर दिया है कि भाजपा में भूपेश बघेल के नाम व काम से किस कदर हताशा व्याप्त है।



प्रदेश प्रवक्ता श्री दुबे ने बताया कि किसी भी प्रत्याशी का निर्वाचन अभिकर्ता नामांकन संवीक्षा के पश्चात ही बनाए जाते हैं। इसके लिए बाकायदा निर्वाचन का संचालन नियम 1961 के कानूनी नियम एवं आदेश के प्रारूप 8 नियम 12 (1) के निर्धारित प्रपत्र में निर्वाचन अभिकर्ता की नियुक्ति जिला निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर से जारी होते हैं। वहीं विधिमान्य होता है, यदि उन्हें निर्वाचन अभिकर्ता नियुक्त किया गया है तो परिचय पत्र सार्वजनिक करें, क्योंकि वर्तमान समय में भाजपा प्रत्याशी द्वारा ना तो नामांकन पत्र प्रस्तुत किया गया है और ना ही नामांकन की सवीक्षा हुई है, ऐसी स्थिति में स्वयंभू निर्वाचन अभिकर्ता बनकर बयानबाजी करना, जहां निर्वाचन नियमों के विपरीत कृत्य है। वहीं आयोग को बौना साबित करने का दूषित मानसिकता का प्रमाण है। श्री लाल के यह बयान से यह साफ हो गया कि पूरी बीजेपी में भूपेश बघेल के नाम से ही घोर हताशा और अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया है। जिसके चलते भाजपाई निर्वाचन कार्यप्रणाली की विश्वसनीय के साथ-साथ निर्वाचन नियमों की भी धज्जी उड़ाने में लगे हुए हैं।

### अवैध रूप से शराब बिक्री, आरोपी पकड़ाया.

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव थाना क्षेत्रांतर्गत धरपकड़ अभियान के तहत ग्राम अमलीडीह में पुलिस ने घेराबंदी कर एक आरोपी से 22 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की है। आरोपी से जब्त शराब की कीमत लगभग 1760 रुपए बताई गई है। शराब बिक्री की रकम 240 रुपए भी जब्त कर कार्रवाई किया गया है।

### स्वच्छ जल का संरक्षण सामयिक आवश्यकता

**राजनांदगांव।** विश्व जल दिवस पर शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के भूगोल विभाग एवं प्राणी-रसायन शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छ जल संरक्षण, जनजागरूकता संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया।



संस्था प्रमुख डॉ. आलोक मिश्रा के संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने पवित्र मिट्टी-जल-कलश, शुभ-मंगल प्रतीक आम्र-पल्लव के साथ दोनों करों में महेन्द्र मेश्राम, नंदनी चद्रवंशी, नीलम धनसाय एवं छात्राओं को स्वच्छ जल संरक्षण संकल्प दिलाया गया। डॉ. द्विवेदी ने स्वच्छ जल संरक्षण को सामयिक प्राथमिक आवश्यकता बताते कहा कि सदा-सर्वदाकाल से चर्चित संदेश-कथन ''बिन पानी सब सून, जल जीवन अमृत है'', जल ही जीवन है, जल है तो कल है और 21वीं सदी का सर्वाधिक सामयिक कथन कि-यदि अगला विश्व युद्ध होगा तो वह जल के लिए ही होगा। छात्राओं स्वच्छ जल संरक्षण के नारों का उद्घोष किया।

# संगीत विवि में पद्मश्री ममता की नियुक्ति गलत, नियमों की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विवि की कुलपति पद्श्री ममता चंद्राकर की नियुक्ति को यूजीसी के प्रावधान और विवि के अध्यादेशों का सेनि शिक्षक बीआर यादव ने उल्लंघन बताया है। छुईखदान टिकरीपारा निवासी बीआर यादव ने कहा कि संगीत विवि मे कुलपति की नियुक्ति को लेकर राजभवन के पात्रता संबंधी नियमों को भी दरकिनार किया गया है।

उन्होंने कहा कि यूजीसी और सुप्रीम कोर्ट के निर्णय अनुसार कुलपति की नियुक्ति के लिए विनिमय 2018 का पालन सभी विवि के लिए अनिवार्य है। राजभवन द्वारा जारी विज्ञापन अनुसार नियुक्ति के लिए दस सालों का अकादमिक अनुभव होना जरूरी है वही यूजीसी के विनिमय 2018 और विवि के अध्यादेश क्रमांक 171 अनुसार चयन को लेकर गठित समिति से अनुशंसित नामों में से ही कुलपति नामित किया जाना है। श्री यादव ने कहा कि ममता चंद्राकर की नियुक्ति में इन सभी नियमों व निर्देशों की अनदेखी की गई। ममता चंद्राकर ने कालेज या यूनिर्वसिटी में नियमित नौकरी नही किया है। पद्मश्री और संगीत नाटक अकादमी से प्राप्त पुरस्कार या सम्मान को प्रोफेसरशिप के समरूप नही माना गया है। संविधान के आर्टिकल 254 अनुसार राजकीय नियम और केंद्रीय नियमों के बीच विरोधाभास की स्थिति निर्मित होने पर केंद्रीय नियमो को सर्वोपरि माना गया है और यूजीसी के विनिमय 2018 अनुसार कुलपति पद पर नियुक्त होने वाले व्यक्ति के पास दस सालों को प्राध्यापक या प्रोफेसरशिप का अनिवार्य अनुभव होना दोनो सदनों से पारित नियम है। बीआर यादव ने कहा कि ममता चंद्राकर की नियुक्ति राजभवन के आदेश के माध्यम से विवि अधिनियम 2019 के निहित कुलाधिपति के स्वेच्छाधिकार से किया गया है जबकि सुप्रीम कोर्ट के रिट पिटीशन में पारित निर्णय अनुसार राजकीय अधिनियम का उक्त प्रावधान लागू नही होता।


कमियां छिपाने बना रहा विवि प्रशासन बहाना
अवलोकन टीम पर प्रशासन ने लगाया पूर्वाग्रह से ग्रसित होने का आरोप
विवि के गिरते स्तर पर संगीत नगरी में पनपा आक्रोश, कुलपति से मांगा इस्तीफा

### प्रमाणित दस्तावेज लेकर जाएंगे हाईकोर्ट

राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेनि शिक्षक बीआर यादव ने बताया कि कुलपति की नियुक्ति संबंधी दस्तावेजों को प्राप्त करने उन्हें राजभवन तक दौड़ लगानी पड़ी। जनवरी में उनके आवेदन पर संगीत विवि ने कोई जवाब नही दिया जिसके बाद उन्होंने राजभवन का दरवाजा खटखटाया जिसके बाद उन्हें 28 मार्च को आरटीई से मांगी गई जानकारी मिल पाई। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों से स्पष्ट पता चलता है कि ममता चंद्राकर की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट में पारित निर्णय, यूजीसी के अधिनियमो और संगीत विवि के अध्यादेशों की अनदेखी की गई है। ममता चंद्राकर पर मामले को अन्य माध्यम से भटकाने का आरोप लगाते हुए बीआर यादव ने कहा कि राजभवन मे साक्ष्य प्रस्तुत कर शिकायत बाद, कलेक्टर को पूरी जानकारी दी जाएगी। उसके बाद हाईकोर्ट मे मामला पेश किया जाएगा।

### अधिकारी-कर्मचारी डर के कारण चुप

संगीत विवि मे कुलपति के रूप मे ममता चंद्राकर की नियुक्ति बाद से कार्यशैली को लेकर लगातार विवाद सामने आ रहा है। विवि के प्रशासनिक कामों में पति के हस्तक्षेप से अधिकारी कर्मचारी हताश परेशान है वही पूर्व कुलपति के कार्यकाल के दौरान काबिल लोगों को दरकिनार कर अपनी मर्जी के लोगों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने से उनके खिलाफ नाराजगी है, लेकिन पद की गरिमा को देखते हुए सब चुप्पी साधे हुए है। विवि के अलग अलग विभागों में बड़े पदों में काबिज अनुभव वाले लोगों की उपेक्षा कर लिपिक संवर्ग को ज्यादातर जिम्मेदारी सौंपने से भी संगीत विवि किसी भी मोर्चे पर काबिलियम अनुरूप प्रदर्शन नही कर पा रहा है।

### 23 दिन कम अनुभव पर हटाया था बिलासपुर के कुलपति को

सेनि शिक्षक बीआर यादव ने बताया कि अटल बिहारी बाजपेयी विवि बिलासपुर के कुलपति प्रो सदानंद शाही को राजभवन द्वारा प्रोफेसरशिप के दस सालों के कार्यानुभव में महज 23 दिनों की कमी होने पर हटा दिया गया था। उन्होंने कहा कि ममता चंद्राकर की नियुक्ति विवि अधिनियम 2019 में निहित प्रावधान अनुसार 65 साल की आयु पूरी होने अथवा पांच साल का कार्यकाल पूरा होने तक हुई है। 2 दिसंबर 23 को ममता चंद्राकर 65 सालों की हो गई है इसके बावजूद कुलपति बनी हुई है। उन्होंने बताया कि तत्संबंध में आयु सीमा बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव पर राजभवन द्वारा कोई भी ओदश जारी नही किया गया है। श्री यादव ने कहा कि ममता चंद्राकर का उम्र सीमा 2 दिसंबर 23 को पूरी करने के बाद एक दिन भी कुलपति के पद पर आसीन रहना किसी भी स्थिति में संवैधानिक या नैतिक रूप से सही नही है। अनिवार्य योग्यता नही रखने के कारण अविलंब उन्हें पद से हटाकर विवि के किसी वरिष्ठ प्राध्यापक को प्रभारी कुलपति नियुक्त कर नवीन कुलपति की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए।

# हार की बौखलाहट से भूपेश का धर्म विरोधी चेहरा बेनकाब

**राजनांदगांव।** भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे ने रविवार को चौकी विधानसभा क्षेत्र के छछानपहरी, सांगली, कौडूटोला, भड़सेना, चिल्हाटी, ओटेबांधा, रेंगाकठेरा, सिंघाभेड़ी सहित अनेक ग्रामों में सघन जनसम्पर्क एवं जनआशीर्वाद सभा को संबोधित करते कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लगातार सनातन संस्कृति और हिन्दुत्व का अपमान करते रहे है। श्री पांडे ने कहा कि विष्णु को भ्रष्टाचार का भोग लग रहा जैसा बयान देकर बघेल न केवल अपनी राजनीतिक कुंठा का प्रदर्शन कर रहे हैं, अपितु सनातन परंपरा के प्रति अपनी घृणा का शर्मनाक प्रदर्शन भी कर रहे हैं।

श्री पांडे ने पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के इस बयान की कड़ी भर्त्सना करते कहा कि सनातन संस्कृति और हिन्दुत्व के प्रति विष वमन कर बघेल ने करोड़ों जनता की भावनाओं और आस्था को ठेस पहुंचाने का कृत्य किया है। पूर्व मुख्यमंत्री हिन्दुत्व की



जनआस्था से जुड़े प्रतीकों का अपमान अपनी तयशुदा हार की बौखलाहट में कर रहे हैं। इसके लिए बघेल प्रदेश की जनता से निःशर्त माफी मांगें। भाजपा एवं प्रदेश की जनता ऐसे अधर्मी बयान को सहन नहीं करेगी।

भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे ने कहा कि भ्रष्टाचार पर बघेल का बयान सूप बोले तो बोले, चलनी भी बोले, जिसमें बहत्तर छेद की उक्ति को चरितार्थ करने वाला है। अपने शासनकाल में भ्रष्टाचारियों के सरगना रहे भूपेश बघेल के मुंह से भ्रष्टचार को लेकर बातें करना शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों, गरीबों, अजा-अजजा वर्ग के लोगों, पिछड़ा वर्ग के लोगों का हक मारने, महादेव एप का घोटाला कर युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने और गौधन न्याय योजना तक में घपलेबाजी कर गौमाता को अपमानित करने वाले भूपेश प्रदेश में भ्रष्टाचार के प्रतीक बन गए हैं। श्री पांडे ने कहा कि भूपेश पहले प्रदेश को यह बताए कि 15 महीनों से जेल में बंद सौम्या चौरसिया के क्या वे आज भी पैरोकार हैं? क्या आज भी वह सौम्या के वकील हैं? बघेल यह भी साफ करें कि अपनी जिस उपसचिव सौम्या की वकालत वह करते रहे हैं, उसे अब तक क्यों जमानत तक के लाले पड़े हुए हैं?

उन्होंने कहा कि अपने मुख्यमंत्रित्व काल में भ्रष्टाचारियों को बचाने का कृत्य बघेल ने किया है। अपनी उपसचिव सौम्या चौरसिया के भ्रष्टाचार में उनकी कितनी संलिप्तता है। यह जानकारी प्रदेश की जनता को भूपेश बघेल पहले बताएं, तब ईमानदारी की बात करें। श्री पांडेय के साथ चुनाव प्रचार दौरे में मुख्य रूप से जिला

### ग्राम कार्यकारिणी का गठन

**राजनांदगांव।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल अपने विस्तार को तीव्र गति से आगे बढ़ा रहा है। बजरंग दल के पदाधिकारी गांव-गांव तक पहुंचकर समिति निर्माण कर रहे हैं। जिसमें ग्राम गैंदाटोला में विहिप, बजरंग दल ने अपनी ग्राम समिति घोषित की।



विहीप खंड अध्यक्ष के रूप में भूपेन्द्र देवांगन, उपाध्यक्ष कोमल साहू, मंत्री आशीष गुप्ता, सह मंत्री अग्नेश चंद्रवंशी, सत्संग प्रमुख रिपलावन साहू, सत्संग सह प्रमुख प्यारेलाल साहू चुने गए एवं बजरंग दल खंड संयोजक के रूप में गुलशन साहू, सह-संयोजक हेमंत देवांगन, गौसेवा प्रमुख टेमन मानिकपुरी, विद्यार्थी प्रमुख लेखुदास मानिकपुरी, सुरक्षा प्रमुख धनेश्वर गुप्ता, साप्ताहिक मिलन प्रमुख संजय मानिकपुरी चुने गए। इस दौरान ओमप्रकाश अग्निहोत्री, अनूप श्रीवास, सुनील सेन, बाबाजी मेश्राम, मनीष त्रिपाठी उपस्थित थे।

स्वामी जी 93406-38884
By Train-रिजर्वेशन कोच
माता वैष्णव देवी यात्रा
माँ वैष्णो देवी, शिव पोड़ी, अमृतसर स्वर्ण मंदिर, जलियावाला बाग, बाघा बार्डर, मथुरा, वृन्दावन, बांकेबिहारी लाल, श्रीकृष्ण जन्मभूमि, प्रेम मंदिर, श्रीकृष्ण-बलराम मंदिर, आगरा ताज महल
यात्रा दिनांक 18 अप्रैल 2024 25 अप्रैल 2024 11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 17,500/-, 3AC-26,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
वाहन है पर ड्राइवर नहीं है?
अपना ड्राइवर आज ही बुक करे
डेली या परमानेंट बेसिस पर
7837411411
Google Play /RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशिः स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:-7354-411411

**खेल: खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर 13 स्वर्ण पदक, 1 रजत व 1 कांस्य पदक प्राप्त किया**

# आज से प्रयास स्पोर्ट्स एकेडमी कवर्धा का नया सत्र चालू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर में संचालित प्रयास स्पोर्ट्स एकेडमी कवर्धा अंतर्गत छीरपानी कॉलोनी मैदान में बेसबॉल और सॉफ्टबॉल खेल का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसमें 1 अप्रैल से नया सत्र 2024-25 प्रारंभ हो रहा है, जिसके लिए इच्छुक खिलाड़ी प्रवेश ले सकते है यहां 10 से 21 वर्ष तक खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाता है, जहा उन्हे फिटनेस ट्रेनिंग, हिटिंग, फिल्डिंग, स्ट्रेंथ इत्यादि का ट्रेनिंग दिया जाएगा साथ ही साथ उन्हें राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में सम्मिलित कराया जाता है, जिससे वो पदक लगाकर देश-प्रदेश व जिले का नाम रोशन कर सकें।

अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया की कवर्धा में बेसबॉल, सॉफ्टबॉल खेल विगत 10 वर्षो से संचालित हो रहा है जिसमे से अभी तक चार खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय, 200 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं 490 खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व कर चुके है, जिसमे से अधिकांश खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त कर प्रदेश व कबीरधाम जिले का नाम रोशन कर चुके है। इस सत्र में ही अकेडमी के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर 13 स्वर्ण पदक, 1 रजत और 1 कांस्य पदक प्राप्त किया। साथ ही अकेडमी के 21 खिलाड़ियों का 14 मार्च को रायपुर में छत्तीसगढ़ खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, खेल मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा खेल अलंकरण से हुआ सम्मानित किया गया, साथ में साथ अकेडमी के ही चार खिलाड़ी जिन्होंने गुजरात के अहमदाबाद में राष्ट्रीय जूनियर बेसबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक लगाया था, उन्हे मुख्यमंत्री ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

### एकेडमी में प्रत्येक वर्ष लगभग 80 से 100 खिलाड़ी करते हैं अभ्यास




जिले में संचालित बेसबॉल व सॉफ्टबॉल के खिलाड़ी प्रत्येक वर्ष अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होकर पदक प्राप्तकर और जिले का नाम रोशन करने में कोई कमी नही कर रहे है, परंतु प्रशासन द्वारा इन खिलाड़ियों के लिए खेल सामग्री एवं अन्य जरूरी सुविधाएं देने में कोई रुचि नहीं दिखा रहे है, विगत कुछ महीने पहले भी जिला प्रशासन से खेल सामग्री की मांग किया गया था परंतु अभी तक उन्हे कुछ नही मिला जिसके चलते अकेडमी के खेल अलंकरण से सम्मानित खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर पदक लगाने पर मिलने वाले प्रोत्साहन राशि का आपस में चंदा इकट्ठा करके कुछ जरूरी खेल सामग्री लिए जिससे आने वाले दिनों में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी कर सके परंतु इतना खेल सामग्री पर्याप्त नहीं है, अकेडमी में प्रत्येक वर्ष लगभग 80 से 100 खिलाड़ी अभ्यास करते है जिनके लिए पर्याप्त खेल सामग्री का होना जरूरी है, जिससे अधिकांश खिलाड़ी अच्छे से अभ्यास कर से और अधिक से अधिक संख्या में जिले के खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सम्मिलित हो सकें।

# पोलमी-भंगीटोला में पांच दिवसीय श्री अखण्ड नवधा रामायण आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पोलमी-भंगीटोला मे 28 मार्च सें पांच दिवसीय श्री अखण्ड नवधा रामायण भगवान श्रीराम चन्द्र की अमृतमयी पावन कथा की ज्ञान कथा प्रवाहित की जा रही है। जिसमें दूर-दाराज के श्री अखण्ड नवधा रामायण मानस मण्डली की टोली पहुंच रहे, जिसमे बिलासपुर से 3-4 मानस मण्डली पहुंचकर भगवान श्री रामचन्द्र की पावन कथा की धारा प्रवाहित ग्राम पोलमी-भंगीटोली व आसपास क्षेत्र के भक्तजनों को सुबह से रात तक भगवान श्रीराम की कथा का श्रवणपान कराया जा रहा है। वहीं ग्राम पोलमी-भंगीटोला व आसपास के क्षेत्र में भक्तियम का वातावरण बना हुआ है।

इस पांच दिवसीय श्री अखण्ड नवधा रामायण के तृतीय दिवस छत्तीसगढ़ के मिथुन कलाकार गायक लक्ष्मण लहरी यादव बिलासपुर छत्तीसगढ़ की मिथुन चक्रवर्ती गायक कलाकार मानस मण्डली जय मां अम्बे लहरी मानस मण्डली बिलासपुर गायक लक्ष्मण लहरी यादव द्वारा शानदार मनमोहक गीत-आवाजों को सुनने तथा लक्ष्मण लहरी को देखने आस-पास के ग्रामवासी व हजारो की संख्या में क्षेत्रवासियों की भारी भीड़ उमड़ी। इस पांच दिवसीय श्री अखण्ड नवधा रामायण कथा सुनकर अपनें जीवन को कृतार्थ व जय जय श्रीराम की जयकारा से पूरा क्षेत्र गूंजायमान रहा।

### स्वर्णकार समाज का नव पदाधिकारियों का स्वागत व होली मिलन समारोह संपन्न




**हरिभूमि कवर्धा।** स्वर्णकार समाज ने रविवार कों रंग पंचमी के अवसर पर सामाजिक भवन में समाज के नव नियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। तत्पश्चात होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें। जिस पर मीडिया प्रभारी निखिलेश शरण सोनी ने बताया कि रंग पंचमी के पावन अवसर पर आहूत कार्यक्रम सर्वप्रथम श्री गणेश एवं स्वर्णकार समाज के महाराज अजमीड़ के तैल-चित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात समाज के नव नियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान किया गया, जिसमें सर्वप्रथम संरक्षक बलदाऊ प्रसाद सोनी, डॉ भगवती प्रसाद सोनी, अधिवक्ता भरत सोनी, संतोष सोनी, मनोज सोनी, विशिष्ट सलाहकार राधेश्याम सोनी, गिरधर प्रसाद सोनी, बेदी प्रसाद सोनी, संतोष सोनी, राजेश सोनी, संयोजक द्वय मनोहर सोनी, अनिल सोनी तथा विशेष मार्गदर्शन के रूप में राजेंद्र सोनी का स्वागत किया गया। इसी तरह समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष रमेश कुमार सोनी, उपाध्यक्ष अभिषेक सोनी, राजेश सोनी, अधिवक्ता दिलीप सोनी, सचिव रवि सोनी, सह सचिव आकाश सोनी, नितिन सोनी, मनीष सोनी कोषाध्यक्ष, प्रकाश सोनी, मीडिया प्रभारी निखिलेश शरण सोनी एवं आशीष सोनी का सर्वसम्मति से मनोनयन कर स्वागत किया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में संजय सोनी अधिवक्ता, अश्वनी सोनी, शेखर सोनी, विष्णु सोनी, सुनील सोनी, छोटेलाल सोनी, गोपाल सोनी, प्रदीप सोनी, विनोद सोनी, रवि सोनी का सम्मान किया गया। इसके अलावा सामाजिक के गतिविधियों के लिए बनाए गए समूह के सदस्यों का भी सम्मान किया गया। इस सम्मान समारोह के पश्चात नवनियुक्त अध्यक्ष रमेश कुमार सोनी ने अपने पिता स्व. बहोरन लाल सोनी की स्मृति में समाज को 51 हजार रुपए प्रदत्त किए, समाज के प्रथम अध्यक्ष स्व.बांकेलाल सोनी की स्मृति में बड़े भाई बलदाऊ प्रसाद सोनी ने समाज को 51 सौ रूपए की सहयोग राशि प्रदान की साथ ही साथ समाज के वरिष्ठ बिसाहू प्रसाद सोनी ने समाज को 1 हजार 1 सौ ग्यारह रुपए की राशि भेंट की। इस अवसर पर समाज के पूनम सोनी, अखिलेश सोनी, सुशील सोनी, आशीष सोनी, विश्वजीत सोनी, शशांक सोनी, रामकुमार सोनी, प्रदीप सोनी, सूर्यकांत सोनी, बुलाकी सोनी, मुकेश, शैलेंद्र, शिवेंद्र, अश्वनी, दिलीप, सूर्यकांत सहित वरिष्ठ जनों एवं युवा सदस्य व समाज के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

# राजनांदगांव लोस प्रभारी ममता चंद्राकर ने महिला कांग्रेस कमेटी की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं लोकसभा प्रभारी पूर्व विधायक पंडरिया श्रीमती ममता चंद्राकर द्वारा नवीन जिला खैरागढ़ में जिला महिला कांग्रेस का बैठक लिया।



बैठक में लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को विजयी बनाने एवं कांग्रेस की सरकार बनते ही हर गरीब परिवार की महिला को सालाना 1 लाख देने सहित कांग्रेस की गारंटी घोषणा पत्र के आधार पर सभी मतदाताओं के पास जाने कि अपील की एवं ज्यादा से ज्यादा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को जोड़कर रिकॉर्ड मतों से जितने हेतु अधिक से अधिक मतदान करने आग्रह किया। बैठक में खैरागढ़ विधायक श्रीमती यशोदा वर्मा, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती महोबिया, कुसुम दुबे, प्रतिका महोबिया, राजकुमारी सिन्हा, रीना ताम्रकार, कविता जंघेल, रुखमणी देवांगन, पुष्पा कोसले, मीनाक्षी जंघेल सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।




**फैसला:** अपने ही स्कूल की नाबालिग छात्रा के साथ किया था दुष्कर्म

# दुष्कर्म के आरोपी शिक्षक को 20 साल की सजा, एक बरी

## जिले के पिपरिया थाना में दर्ज मामले में विशेष न्यायाधीश ने सुनाया फैसला, दोषी को अर्थदण्ड से भी किया गया दण्डित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के पिपरिया थाना में दर्ज अपने ही स्कूल की नागालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म व घिनौनी हरकत करने के एक मामले में विशेष न्यायाधीश (लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012) उदयलक्ष्मी सिंह परमार ने मामले की सुनवाई करते हुए एक शिक्षक को 20 साल की सजा सुनाई है साथ ही अर्थ दण्ड से भी दण्डित किया है। वहीं इसी मामले में एक अन्य आरोपी शिक्षक को बरी किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दोषी कुंजबिहारी हाठिले पिता भजराम आयु 42 वर्ष निवासी रायपुर-बाईपास कवर्धा जिला कबीरधाम ने 6 दिसंबर 2022 से 20 फरवरी 2023 के बीच अपने ही स्कूल में पढ़ने वाली 13 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म किया था। इसके साथ ही वह बच्ची को ऑनलाइन पढ़ाई कराने के नाम पर अश्लील वीडियो भेजता था। जब घर वालों ने मोबाइल को देखा तो पूरा भांडा फूट गया जिसकी शिकायत उन्होने पिपरिया थाना में दर्ज कराई थी। मामले सामने आने के बाद पुलिस ने प्रारंभ जांच के बाद आरोपी शिक्षक के खिलाफ 21 फरवरी 2023 को जुर्म दर्ज कर उसे तथा उसके एक अन्य साथ को जानकारी छिपाने तथा अपने साथी शिक्षक का सहयोग देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। बाद में पिपरिया पुलिस ने मामला न्यायालय में पेश किया। जहां लम्बी सुनवाई के बाद न्यायालय ने दोषी को 20 साल की सजा व एक हजार रुपए का अर्थदंड की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अपने फैसले में लिखा कि कुंजबिहारी द्वारा पीड़िता के शिक्षक होते हुए विद्यालय में उसके साथ न सिर्फ लैंगिक शोषण किया है, बल्कि पीड़िता को भावनात्मक रूप से प्रभाव में लेकर उसे भविष्य के सपने दिखाते हुए उसके साथ लैंगिक शोषण का कार्य किया गया।

### मामले का एक अन्य आरोपी शिक्षक किया गया बरी



वहीं इस मामले के पुलिस ने स्कूल के एक अन्य शिक्षक विजय कुमार पिता बंधनदास जनार्दन आयु उम्र 52 निवासी ग्राम धौराबंद थाना पिपरिया को संबंधित धारा के तहत आरोपी बनाया था, जिसे कोर्ट ने उसे दोषमुक्त कर दिया है।

### मिसाल बनेगा विशेष न्यायालय का यह फैसला, घिनौनी हरकत करने वालों को मिलेगा सबक

न्यायालय का यह फैसला न सिर्फ दोषी शिक्षक को उसके गुनाह की सजा देने वाला है बल्कि उन लोगों को सबक सिखाएगा जो गुरू और शिष्य के पवित्र रिस्ते को अपनी हवस की पूर्ति के लिए तार-तार करने से भी गुरेज नहीं करते।



# 15 पौवा अवैध देशी प्लेन मदिरा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

■ मुखबिर की सूचना पर पंडरिया पुलिस ने कोचिया के खिलाफ की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए पंडरिया पुलिस ने अवैध शराब बिक्री की जुगत भिड़ा रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 15 पौवा देशी शराब जप्त की है वहीं आरोपी के विरूद्ध 34(1)ख आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर उसे जेल भेजा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते शनिवार को पंडरिया पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अपने मोटर सायकल से अवैघ रूप से शराब खेप लेकर उसे अवैध रूप से बेंचने की जुगत भिड़ा रहा है। मुखबिर की इस सूचना पर थाना प्रभारी पंडरिया तत्काल एक टीम गठित की और सूचना आधार पर कुकदूर तिराहा पंडरिया पास पहुंचकर रेड कार्यवाही की गई। रेड कार्यवाही में आरोपी रामफल साहू पिता धनीराम साहू आयु 30 वर्ष निवासी प्राणकांपा थाना कुण्डा जिला कबीरधाम को पकडा गया जिसके कब्जे से 15 पौवा देशी प्लेन मदिरा कुल 2.700 बल्क लीटर अवैध शराब बरामद कर आरोपी से उक्त शराब रखने/बिक्री करने के संबंध में दस्तावेज पेश करने हेतु नोटिस दिया गया। जो कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका। आरोपी का कृत्य 34(1)ख आबकारी एक्ट का पाए जाने पर आरोपी के विरूध आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई।

इस कार्यवाही में प्रधान आरक्षक बलेश धुर्वे, आरक्षक अभिषेक शर्मा, राजू चंद्रवंशी, ईश्वर चंद्रवंशी,सुनल घृतलहरे का सराहनी योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### आयुष्मान भारत टोल फ्री नंबर जारी

**कवर्धा।** आयुष्मान कार्ड की सुविधाओं का लाभ लेने के लिए हितग्राहियों को भटकना न पड़े, इसके लिए विभाग ऑनलाइन योजना का संचालन कर रहा है। हितग्राहियों को ऑनलाइन सुविधाएं प्रदान की जा रही है। इसमें रजिस्ट्रेशन निजी व शासकीय अस्पताल से हो जाता है। योजना का लाभ उठाने में किसी तरह की दिक्कत आ रही हो तो टोल फ्री नंबर पर फोन लगा सकते हैं। 104 टोल फ्री नंबर 24 घंटे व सातों दिन कार्य करता है। इसके अलावा 14555 टोल फ्री नंबर पर भी शिकायत दर्ज करने की सुविधा है।

### प्रवीण रंजन लोक सभा के व्यय प्रेक्षक नियुक्त

**कवर्धा।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक राजनांदगांव के लिए भारतीय रक्षा लेखा सेवा के अधिकारी (आईडीएएस) प्रवीण रंजन को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया है। वे राजनांदगांव के विश्राम गृह में रुके हुए हैं। अपनी बात रखने एवं किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, प्रत्याशी, जनता उनसे सुबह 10 से शाम 5 बजे तक कार्यालयीन समय में मिल सकते हैं। उनके लाइजनिंग ऑफिसर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीकांत चंद्राकर हैं।

### 1 जून तक एक्जिट पोल पर लगाई गई रोक

**कवर्धा।** भारत निर्वाचन आयोग ने 19 अप्रैल से 1 जून तक किसी भी तरह के एक्जिट पोल के आयोजन व प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधान के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एक्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। उल्लेखनीय है कि 19 अप्रैल से 1 जून तक की अवधि में विभिन्न चरणों में देश के अलग-अलग राज्यों में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान की तिथियां निर्धारित की गई है।

ज्योतिषी
पता- दीपक महाराज
Mo. 9300415345

# कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल आज जिले के दौरे पर, कई गांवों में करेंगे चुनाव प्रचार व सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राजनांदगांव लोकसभा से प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद से वे लगातार लोकसभा क्षेत्र की कवर्धा तथा पंडरिया विधानसभाओं में अपनी सक्रियता दिखा रहे हैं और शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण अंचलों में संघन प्रचार कर रहे हैं। वे इस दौरान क्षेत्रीय कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बैठक भी ले रहे हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल 1 अप्रैल को पुनः कबीरधाम जिले की कवर्धा तथा पंडरिया विधानसभा के दौरे में पहुंच रहे हैं। जानकारी के मुताबिक श्री बघेल सोमवार 1 अप्रैल को भिलाई से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 11.30 बजे विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम परसवारा पहुंचेगे। जहां वे अपना चुनाव प्रचार करने के बाद दोपहर 12.30 बजे विकासखण्ड पंडरिया के नगर पंचायत पाण्डातराई पहुंचेगे। इसी प्रकार वे अपने प्रवास के दौरान जिले की कवर्धा विधानसभा अंतर्गत ग्राम तरेगांव जंगल में दोपहर 2.00 बजे से आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। तत्पश्चात वे दोपहर 3.30 बजे नगर पंचायत बोड़ला में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन तथा शाम 5.00 बजे नगर पंचायत पिपरिया में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। शाम 7.00 बजे श्री बघेल कार से वापस भिलाई लौट जाएंगे। श्री बघेल के आगमन को लेकर कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित ग्रामों में व्यापक तैयारियां की जा रही है।

### प्रत्याशी बनाए जाने के बाद कबीरधाम जिले का तीसरा दौरा

यहां बताना लाजिमी होगा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा भूपेश बघेल को राजनांदगांव लोकसभा का प्रत्याशी बनाए जाने के बाद उनका कबीरधाम जिले का यह तीसरा दौरा है। जिससे पहले भी वे दोबार जिले की कवर्धा तथा पंडरिया विधानसभाओं में चुनाव प्रचार तथा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से मेलमुलाकात तथा बैठक आदि लेकर अपने चुनावी अभियान का आगाज कर चुके हैं।

## प्राण प्रतिष्ठा ...




**कवर्धा।** ग्राम मिभौरी में नवनिर्मित गायत्री प्रज्ञापीठ के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शांतिकुंज हरिद्वार से पहुंचे प्रज्ञापुत्र।

# चुनाव को लेकर कांग्रेस-भाजपा का दिवाल लेखन प्रचार-प्रसार जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

राजनांदगांव-कवर्धा लोकसभा का चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है वैसे वैसे राजनीतिक दल अपने-अपने प्रसार-प्रसार व दिवाल लेखन तेजी से नजर आ रहा है। शहर व ग्रामीण क्षेत्र में दिवाल लेखन के माध्यम या झंडा लगाने के माध्यम से राजनीतिक दोनों पार्टी इस समय सकरी नजर आ रहे हैं। क्षेत्र में लगातार कार्यकर्ताओं बैठक कर कार्यकर्ताओं का हौसला बुलंद किया जा रहा है, दोनों राजनितिक पार्टी अपने-अपने रोटी सेकने में लगे हुए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोंनों राजनीतिक दल द्वारा आम नागरिकों को एक-दूसरे लुभावना की बातें करते नजर आ रहे हैं, एक तरफ कांग्रेस का सरकार बनता है तो प्रत्येक माह महिला को 1 लाख देने का घोषणा किया गया है एवं युवा को रोजगार देने के बाद कहीं जा रही है तो दूसरे तरफ मोदी के गारंटी ने आवास जैसे योजनाओं को बताया जा रहा है, इस तरह जनता के साथ वादे किया जा रहे हैं अब देखने वाले बात है कि जनता किसके वादे को अपने सर के ऊपर लेते हैं और किस पार्टी को विजयी घोषित करते है।



# गायत्री प्रज्ञापीठ प्राण प्रतिष्ठा में दीप महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विकासखंड स.लोहारा के ग्राम मिभौरी में नवनिर्मित गायत्री प्रज्ञापीठ में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 28 से 31 मार्च तक आयोजित किया गया। आयोजन के द्वितीय दिवस 30 मार्च को भव्य दीप महायज्ञ किया गया। जिसमें आस-पास ग्राम एवं जिले के श्रद्धालुओं ने बडी संख्या में सम्मिलित होकर सबको सद्बुद्धि एवं विश्व कल्याण के लिए माता भगवती से प्रार्थना की। यज्ञ संपन्न कराने के लिए शांतिकुंज हरिद्वार के प्रज्ञापुत्रों की टोली पहुंची हुई थी। हरिद्वार टोली प्रमुख ने कथा के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को बताया कि जैसे बछड़ा हजारो गायों में से अपनी मां को ढूंढकर वहां पहुंच जाता है वैसे ही पूर्वकृत कर्म भी कर्ता का अनुसरण करते हुए उनके पास आ पहुंचते है। हमें अपने कर्मों पर निरंतर दृष्टि रखनी चाहिए। भगवान श्री कृष्ण कहते है कि यज्ञ, तप एवं दान जैसे कर्म करते समय भाव सात्विक होना चाहिए। यज्ञ प्रजापति दक्ष ने भी किया था. परंतु उस यज्ञ का भाव परमात्मा के निमित्त न होकर स्वयं के अहंकार का पोषण था। अतः वह यज्ञ अशुभ परिणाम को लेकर आया। ऐसा ही रावण के द्वारा किये गए यज्ञ का परिणाम हुआ। भगवान कहते है कि कर्म भी तभी सत्कर्म माने जायेगें जब इनको करते समय की भावना श्रेष्ठ एवं मंगलकारी होगी।



# छेड़छाड़ का आरोपी चढ़ा कवर्धा पुलिस के हत्थे




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में अपराध व अपराधिक मामले दिनों दिन बढ़ती जा रही है। वहीं कवर्धा थाना आकर प्रार्थीया द्वारा लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थीया शासकीय प्राथमिक शाला में रसोईया की काम करती है। आरोपी सुशील कोसले शादीशुदा प्रार्थीया पर गलत नियत सें 10 मार्च की सुबह लगभग 09 बजे गांव के पानी टंकी में नहा रही थी कि आरोपी सुशील कोसले गलत नियत से प्रार्थीया हाथ-बांह पकड़ने लगा तभी प्रार्थीया द्वारा आसपास के लोगों को अवाज लगाई तब गांव के महिला आकर आरोपी सुशील कोसले को महिला के साथ छेड़छाड़ कि रिपोर्ट पर आरोपी सुशील कोसले के विरूद्ध अपराध क्रमांक 241/2024 धारा 354, 354 घ, 294, 506 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा तत्काल कार्यवाही करने निर्देश दिए। जिस पर आरोपी सुशील कोसले पिता कमल कोसले आयु 31 वर्ष निवासी राम्हेपुर थाना कवर्धा को हिरासत में लेकर कड़ी से पूछताछ करने पर घटना कारित करना स्वीकार किया। वहीं प्रकरण में आरोपी सुशील कोसले के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही कर जेल भेजा गया।

**अप्रैल माह में शादी-ब्याह के सीमित मुहूर्त, बड़ी संख्या में होंगे वैवाहिक कार्यक्रम**

# होली के बाद अब बाजार में शादी-ब्याह की बढ़ी रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

होली त्यौहार के बाद अब बाजार में शादी के सामानों की पूछ परख शुरू हो गई है। वैसे तो देव उठनी एकादशी के बाद से ही शादी का सिलसिला शुरू हो गया है। मगर छत्तीसगढ़ एवं पारंपरिक विवाह का सिलसिला अब शुरू हो रहा है। जिन्हें देखते हुए नगर में शादी व्याह के उपयोगी समानों की खरीदी जमकर की जा रही है। नगर के साप्ताहिक बाजारों में शादियों में उपयोग आने वाले झांपी टोकनी, पर्रा, सूपा, मऊर, पगड़ी-हार, कलगी-दुकानों में सजा ली गई है। 30-40 वर्षो से इस व्यवसाय से जुड़े नगर के व्यपारियों ने बताया कि, होली जलने के बाद से शादी का सीजन शुरू हो जाता है। उन्होंने आगे कहा कि, पारंपरिक वस्तुओं का यह बाजार ग्रामीण खरीददारों पर ही टिका है।



आधुनिकता के चलते इन चीजों की पूछपरख कम हो गई है। यह परंपरा ग्रामीण एवं सुदूर वनांचल क्षेत्रों में आज भी जीवित है। शादी में उपयोग आने वाले इन सामानों को गोंड, राऊत, साहू, मरार, कलार जाति के लोगों द्वारा बहुतायत खरीदा जाता है, नगर के लोग आधुनिकता के चलते सिर्फ नैग पूरा करने के लिए खरीदी करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि, इन सामानों को हम यहीं खरीदकर बेंच देते हैं। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष विवाह उपयोगी सामानो की कीमत बढ़ गई है। राम नवमी के आसपास इनकी कीमत और अधिक बढने की संभावना है। छत्तीसगढ़िया शादी में उपयोग आने वाले नहडोरी, कलशा, कलौरी की मांग सामान्यतः अप्रेल से जून के बीच अधिक होती है। माना जा रहा है कि रामनवमी में लगन होने के कारण बड़ी संख्या में शादी होने की संभावना है। वहीं अप्रैल माह में शादी ब्याह के कुछ गिने चुने मुहुर्त होने के कारण अप्रैल माह में बड़ी संख्या में वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071